चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081
गुरुवार, 11 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 144, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार




तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 16
मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 15

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी रामदेव की माफी, कहा-गलती पकड़ी... तब आए

## कड़ी टिप्पणी- हल्के में न ले लाइसेंसिंग प्राधिकरण, बखिया उधेड़ देंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कारण बताओ नोटिस के बाद भी कोर्ट में पेशी से बचने का किया प्रयास
- मामले की अगली सुनवाई के लिए16 अप्रैल की तारीख तय

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया, कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण के प्रति अप्रसन्नता जताते हुए कहा, हम यह जानकर चकित हैं कि फाइलों को आगे बढ़ाने के अलावा राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कुछ नहीं किया और वह चार-पांच साल से इस मुद्दे को लेकर गहरी नींद में था। न्यायालय ने प्राधिकरण की ओर से उपस्थित राज्य के अधिकारी से इस निष्क्रियता का कारण पूछा। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की माफी को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा, हम इस मामले में इतना उदार नहीं बनना चाहते। उसने कहा, हमें लगता है कि गलती पकड़े जाने पर और खुद को अप्रिय स्थिति में पाने पर यह माफीनामा दिया गया। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, हम इसे स्वीकार करने या माफ करने से इनकार करते हैं। हम इसे आदेश का जानबूझकर किया गया उल्लंघन और वचनबद्धता का उल्लंघन मानते हैं...।'' रामदेव और बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों के असर के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में ''बिना शर्त माफी'' मांगी थी। उच्चतम न्यायालय में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा।

### अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज



**नई दिल्ली।** एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

# मंत्री राजकुमार आनंद ने छोड़ा आप का साथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए। उधर संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

### केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा।

### समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

## संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे।

## भाजपा से सात और टिकट, चंद्रशेखर और केशरीनाथ के बेटे मैदान में उतरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। बुधवार को जारी सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।







# बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा मजदूरी 450 करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश बोले- हमने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा।

### घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, कार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

# पहले बनाया वीडियो फिर दी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- पत्नी और उसके मायके वालों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, वीडियो परिचितों को भेजा

**अमृत विचारः** गृह क्लेश से परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी। जहर खाते वक्त उसने मोबाइल से वीडियो बनाकर परिजन और परिचितों को भेजा। इसमें वह पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगा रहा था।

सुनगढ़ी की कांशीराम कॉलोनी ईदगाह निवासी सौरभ मिश्रा (25) की शादी करीब एक साल पहले शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र की शिखा से हुई थी। मंगलवार दोपहर बाद सौरभ कॉलोनी में ही सुनसान स्थान पर बया और पानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया। उसने जहर पीने की वीडियो बनाई और परिजनों व परिचितों को भेज दिया। वीडियो देखने के बाद परिवार वाले खोजने निकल पड़े। शाम को वह बेसुध पड़ा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने कहा कि अस्पताल से से आए मेमो से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जाकर छानबीन की। युवक ने जहर पीने के दौरान वीडियो बनाया था, जो मिला चुका है। हालांकि अभी तहरीर नहीं दी गई है।

## पेपर लीक मामलाः मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**लखनऊ।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है। मेरठ एसटीएफ के एएसपी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया।

# जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ


**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा में जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है।

### कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। कहा, हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।



# आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद


सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद मियां
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मीरपुर वाहनपुर बीसलपुर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मो. इश्तियाक अल्वी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुसेली बीसलपुर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
डॉ. मोहम्मद आजम
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मो. अकरम हुसैन
प्रधान लिपिक ( बड़े बाबू)
नगर पालिका परिषद बीसलपुर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नन्ही बेगम
पत्नी शमशुल हसन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत राजुपुर कुंडरी बीसलपुर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
रशीद मियां
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रसिया खानपुर बीसलपुर
सचिव जाकिर अली

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
दिव्या गंगवार
राष्ट्रीय सचिव
महिला सभा समाजवादी पार्टी
चौधरी प्रदीप पटेल
समाजसेवी

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
शाइस्ता बेगम
पत्नी विरासत बेग
सभासद नगर पालिका परिषद
बीसलपुर वार्ड नंबर 10

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद अलीम
विद्युत एवं जलकर विभाग
नगर पालिका परिषद बीसलपुर

आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

ईद उल फितर की समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को दिली मुबारकबाद
इरफान राइस मिल
प्रो अंसार खां
इरफान खां
कुरैया कलां बिलसंडा

ईद उल फितर की समस्त क्षेत्रवासियों को दिली मुबारकबाद
फुरखान राइस मिल, कुरैया कलां बिलसंडा
हाजी अनवार खां
आफाक खां
फुरखान खां

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नईम खान आतिशबाज
उत्तम क्वालिटी की आतिशबाजी के निर्माता एवं विक्रेता
बिलसंडा
प्रो.- नईम खान

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
न्यू अजहरी ब्रिक फील्ड
कमलापुर
प्रो.- अयाव खां,
नयाव खां (पूर्व प्रधान),
मोहम्मद शईद खां

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
डॉ मुन्ना खां
भीकमपुर
(बिलसंडा)

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
श्रीमती शमीम बानो
पत्नी श्री मोहम्मद हारुन
पुत्र वधू श्री गालिब हुसैन
श्री मोहम्मद हारुन
ग्राम पंचायत सिसैया साहिब बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
श्री रेहान मंसूरी
(कबाड़ी)
बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नूरी रजा
ब्रिक फील्ड
नांद बिलसंडा
प्रो. फरहान

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मो रफी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिलासपुर बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नजीम शाह
पुत्र श्री दीन अली शाह
सभासद
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
राम रहीम
ब्रिक फील्ड
बमरोली बिलसंडा
प्रो- मोहम्मद मियां
अनवार अहमद, शाकिर हुसैन

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मीर वाहिदी
ब्रिक फील्ड
नगरिया तिलागिरि
बिलसंडा
प्रो. हाफिज मो. फईम खां

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद कमर
ठेकेदार
नगर पंचायत
बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
अनवार अहमद खां
आतिशबाज
पूर्व सभासद
नगर पंचायत बिलसंडा

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
वाहिदी ब्रिक फील्ड
तिल्छी बिलसंडा
प्रो. कयूम खां

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
सैय्यद नाजिर अली ब्रिक फील्ड
कल्यानपुर तालुके करेली बिलसंडा
प्रो. रऊफ खां उर्फ चुन्नू


ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
न्यू केजीएन ब्रिक फील्ड
बबूरा बिलसंडा
प्रो. शाहिद खां

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद सलीम
सभासद
वार्ड नंबर 11
नगर पंचायत बिलसंडा










# चांद का दीदार हुआ, आज मनाई जाएगी ईद-उल-फितर

## ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की जाएगी ईद की नमाज, जामा मस्जिद के इमाम अमन चैन के साथ शांति का देंगे पैगाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** चांद का दीदार होने के साथ गुरुवार को ईद मनाए जाने का ऐलान हो गया। लोकसभा चुनाव के बीच ईद होने से पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। बुधवार को देर शाम तक ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में नमाज को लेकर तैयारी चलती रही। ईद पर सुरक्षा के लिए से जिले को चार जोन, 15 सेक्टर और 57 सब सेक्टर में बांटा गया है। ईदगाह पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। नमाज के दौरान अफसर भ्रमणशील रहेंगे।करीब 1500 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

रमजान का पवित्र माह बुधवार को समाप्त हो गया। गुरुवार को ईद उल फितर मनाई जाएगा। ईदगाह में गुरुवार सुबह 10 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इजहार अहमद खां बरकाती अमन चैन के साथ मुल्क में शांति का पैगाम देंगे। चुनावी माहौल को देखते हुए कोतवाली, सुनगढ़ी के अलावा पुलिस लाइन के फोर्स के साथ पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मस्जिद पर दो से तीन सिपाही सुबह से तैनात रहेंगे। प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस बल रहेगा। कोतवाली, सुनगढ़ी, गजरौला, अमरिया, जहानाबाद, न्यूरिया और पूरनपुर में स्पेशल क्यूआरटी टीम रिजर्व रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक को पूरे जिले का नोडल अधिकारी बनाया है। थाना और चौकी प्रभारियों के साथ ही सर्किल अधिकारियों को भी क्षेत्र में पैनी निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं। सूअर पालकों को भी नोटिस दिए जा चुके हैं।

- पुलिस-प्रशासन अलर्ट चार जोन और 15 सेक्टर में बांटा जिला पीएसी भी रहेगी मुस्तैद


ईद पर स्टेशन रोड पर स्थित दुकान से कपड़ों की खरीदारी करता एक परिवार।


बुधवार रात शहर की एक दुकान पर मिठाइयां खरीदते रोजेदार। ● अमृत विचार


रोडवेज से ईदगाह को आने वाली सड़क पर सफाई करते नगर पालिका कर्मी।

### नमाज के दौरान ईदगाह की तरफ नहीं जा सकेंगे वाहन

ईदगाह में नमाज को लेकर ईदगाह रोड पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। टाइगर चौराहा से ईदगाह की ओर आने वाले वाहनों को आसाम चौराहा से नौगवां ओवरब्रिज होते हुए निकाला जाएगा। इसी तरह डिग्री कॉलेज चौराहे से ईदगाह क्रॉसिंग की ओर आने वाले वाहनों को नौगवां ओवरब्रिज से आसाम चौराहा होते हुए टाइगर तिराहा की ओर निकाला जाएगा। रोडवेज के बाहर बस खड़ी न हों, इसके लिए पुलिस ने एआरएम को निर्देश दिए गए हैं। ताकि जाम की स्थिति न बने। नमाज के समय तक किसी भी बड़े वाहन को ईदगाह की ओर जाने की अनुमति नहीं है।

### बाजार में दिखी रौनक, देर रात तक हुई खरीदारी

ईद को लेकर बाजार भी गुलजार दिखा। बुधवार देर रात तक रोजेदार कपड़े और अन्य सामान की खरीदारी करते हुए नजर आए। जेपी रोड मार्केट, मेन मार्केट, चूड़ी वाली गली, सराफा बाजार, चौक बाजार, किराना मंडी समेत कई इलाकों में खरीदारों की भीड़ रही। बाजार में सेवई, ड्राई फ्रूट की भी जमकर खरीदारी हुई। चप्पल व सैंडल के लिए भी दुकानों में भीड़ रही। इसके अलावा इत्र, सूरमा खरीदने के लिए भी बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचे। डिजाइनर चूड़ी की अधिक मांग रही। सेवइयां 150 रुपये से 220 रुपये किलो तक की बिकीं।

### नगर पालिका ने मस्जिदों के बाहर कराई सफाई

ईद की नमाज को लेकर शहर में नगरपालिका की ओर से मस्जिद और ईदगाह जाने वाली सड़क पर साफ सफाई कराई गई। नगरपालिका की ओर से पांच टीमें बनाकर ईदगाह रोड, रोडवेज, नौगवां चौराहा के अलावा जामा मस्जिद,पक्की सराय, सुनहरी मस्जिद समेत आसपास के इलाकों में सफाई कराने के साथ ही चूना आदि डाला गया। ताकि नमाजियों को दिक्कत न होने पाए।

### ईद को लेकर बिलसंडा में सज गईं मस्जिदें

**बिलसंडा।** ईद-उल-फितर का त्योहार रमजान के पाक महीने के मुकम्मल होने का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन से रोजे समाप्त होते हैं। रमजान महीने में लोगों ने पूरे माह रोजा रखा। पवित्र कुरआन पढ़कर अल्लाह की इबादत की। गुरुवार को ईद उल फितर मनाई जाएगी। इसको लेकर बुधवार को जमकर खरीदारी हुई। नगर की मस्जिदों को बिजली की झालरों से सजाया गया। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा भी साफ सफाई के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। नगर की जामा मस्जिद कमेटी के सदर नवाब उल्ला खां लल्ला भाई ने बताया कि ईद उल फितर नगर व क्षेत्र भर में गुरुवार को मनाया जाएगा।

# अतिक्रमण: फुटपाथ पर फिर सजीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के बाद एक बार फिर गांधी स्टेडियम रोड और टनकपुर हाईवे पर हालात जस के तस हो गए। सुरक्षा कारणों से हटवाई गईं दुकानें दोबारा फुटपाथ पर सज गईं। बुधवार को गांधी स्टेडियम रोड और टनकपुर हाईवे के फुटपाथ पर दुकानें सजी नजर आईं।

शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा हुई। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से गांधी स्टेडियम और टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से जिला अस्पताल मोड़ तक फैले अतिक्रमण को साफ कर दिया गया। अतिक्रमण हटने के बाद इन सड़कों की असल चौड़ाई देखने को मिली। आए दिन में जाम में फंसकर परेशान होने वाले राहगीर राहत महसूस कर रहे थे। मगर ये राहत दो से तीन तक सीमित रह गई। जनसभा समाप्त होने के अगले दिन बुधवार से सड़कों और फुटपाथ पर फिर दुकानें सजा ली गईं। हटाए गए खोखे भी रख गए और ठेला फड़ भी लगा दिए गए। बुधवार को वाहनों की आवाजाही बढ़ी तो दिन में कई बार जाम के हालात भी बने।


टनकपुर हाईवे पर मेडिकल कॉलेज के समीप फड़ लगाकर बैठे दुकानदार।

- टीएसआई बोले- प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले सुरक्षा कारणों से हटाए गए थे खोखा

> प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सुरक्षा कारणों के चलते खोखे-फड़ आदि हटवाए गए थे। अब दोबारा से दुकानें नहीं लगने दी जाएंगी। ताकि जाम की स्थिति न बने। इसके लिए थाना पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है। जिन लोगों ने खोखे रखे हैं, उन्हें हटाने के लिए कहा गया है।
>
> **- राघवेंद्र सिंह चौहान**, टीएसआई

### पार्टी के झंडे उतारने को दौड़ीं टीमें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दिन गांधी स्टेडियम रोड, रेलवे स्टेशन रोड आदि पर घर-प्रतिष्ठान के आगे भाजपा के झंडे लगा दिए गए थे। जनसभा के बाद आचार संहिता को देखते हुए झंडे हटवा दिए गए हैं। बुधवार को सुबह से पुलिस के साथ नगर पालिका की टीमें झंडे उतारने में लगी रहीं।

# हर मतदान केंद्र पर मिलेगी व्हीलचेयर कर्मचारी भी रहेंगे

**पीलीभीत, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास में जुटा है। चुनाव के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारी हो चुकी है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था होनी है। जिम्मेदारी मिलने के बाद 24 मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिबहेड़ी समेत पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 1242 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 1924 बूथ हैं। 18 लाख 31 हजार 699 मतदाता हैं। मतदान में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर जोर दिया जा रहा है।

# वोटरों को साधने कल आएंगे सपा मुखिया अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर में होगी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा

**अमृत विचार:** 35 साल की मजबूत सियासत के बाद मेनका गांधी और वरुण गांधी का पीलीभीत सीट से बाहर होना। करीब दो साल तक विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी ही सरकार के प्रति मुखर रहे वरुण गांधी ने उठाए सवाल..और टिकट कटने के बाद उनकी चुप्पी। यह सब मामले भाजपा के लिए किला बचाने की चुनौती बनकर खड़े हैं। तमाम दिग्गज नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में सभा कर चुके हैं। मगर एक बड़े वोट बैंक की चुप्पी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा रखी है। अब समाजवादी पार्टी के दिग्गज पीलीभीत आने को तैयार हैं। दो दिन बाद 12 अप्रैल को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव साइकिल की रफ्तार बढ़ाने आएंगे। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सपा पहले ही कुर्मी मतदाताओं में सेंध लगाने की तैयारी कर चुकी है। माना जा रहा है कि अब पूरनपुर में होने वाली जनसभा से मुस्लिम और सिख मतदाताओं को साधने का प्रयास है। जनसभा के इंतजाम के साथ ही भीड़ जुटाने को भी टीम बनाकर सपा नेता जनसंपर्क में जुट गए हैं।

# सौरभ ने बनाया वीडियो, कहा- हंसते हंसते जहर खा रहा हूं

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सौरभ ने खुदकुशी करने से पहल वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल। जिसमें वह कह रहा है - मैं सौरभ मिश्रा, आज जहर खाने जा रहा हूं। मौत की वजह मेरी पत्नी, सास और साली हैं। मैं ये वाला जहर खाने जा रहा हूं..सल्फास। मेरे मरने के बाद मेरी पत्नी को मेरे पैसों में से एक रुपया न दिया जाए। न मेरे घर में रहने दिया जाए। क्योंकि पत्नी और सास ने मेरी जिंदगी खराब कर दी। मैं आज जहर खाने जा रहा हूं। इस परेशान जिंदगी से आजाद होने जा रहा हूं। एक बार नहीं बार-बार कहूंगा, मेरे पैसे में से पत्नी को एक रुपया न दिया जाए। न मेरे घर में रखा जाए। मेरी मां से लड़ती हैं, मुझसे लड़ती है। मेरा मोबाइल भी पत्नी को न दिया जाए।

# प्रशिक्षण के पहले दिन चार कर्मी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो पालियों में 1657 मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** बुधवार से मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। इस दौरान डीएम संजय कुमार ने वहां पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। पहले दिन दो पालियों में हुए प्रशिक्षण में 1657 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण शुरू हुआ। पहले दिन 1657 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय को प्रशिक्षण दिया गया। पहली पाली में सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक एवं दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 208 -208 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया गया। यहां पहुंचे डीएम ने कार्मिक प्रभारी को टेस्ट के माध्यम से प्रशिक्षण गुणवत्ता का आकलन करने को कहा। इसके बाद डीएम ने फैसिलिटेशन केंद्र में विधानसभावार मतदान कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से किए जा रहे मतदान का भी जायजा लिया। मतदान कार्मिकों ने प्रशिक्षण स्थल पर ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी किया।

### ईवीएम कमिशनिंग कार्य शुरू

**पीलीभीत।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक प्रसन्ना रामास्वामी एवं डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देशन में बुधवार को मंडी परिसर में ईवीएम/वीवीपैड के कमिशनिंग का कार्य शुरू हुआ। डीएम ने कहा गया कि कमिशनिंग के दौरान इंजीनियरों द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मशीनों की टैगिंग, सीलिंग का कार्य करें। कमिशनिंग का कार्य जितना बेहतर होगा, उससे पोलिंग के दिन कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। कहा कि बैरिकेडिंग के अंदर कोई कर्मचारी मोबाइल आदि न लाएं, कर्मचारी टेबल के ऊपर तरल पदार्थ न रखें। स्ट्रांगरूम में रखने से पूर्व नंबरिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। कमिशनिंग के दौरान राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# बेटे और पुत्रवधू ने ग्रामीण को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा पुखा निवासी द्वारिका प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़ित ने अपनी जमीन बेची थी। आठ अप्रैल की सुबह पुत्र महिपाल और पुत्रवधू राजकुमारी ने आकर जमीन बिक्री के संबंध में जानकारी की और फिर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। बांके से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

# उपेक्षा से नाराज सभासदों ने चुनाव प्रचार से किया किनारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निरंजनकुंज कॉलोनी में सुनीता सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय
- नगर पालिका के 27 सभासदों में 14 बैठक में रहे शामिल, बोले- वोट देंगे, पर प्रचार नहीं करेंगे

**अमृत विचार:** उपेक्षा से नाराज भाजपा के कुछ सभासदों ने चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया है। बुधवार को सुनीता सिंह के आवास पर हुई बैठक में सभासदों ने चुनाव प्रचार न करने का निर्णय लिया। इन सभासदों का कहना है कि वह पार्टी प्रत्याशी जितिन प्रसाद को वोट तो देंगे, लेकिन उनका चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। इस बैठक का वीडियो वायरल होने पर भाजपा नेताओं में खलबली मच गई है।

शहर की निरंजनकुंज कॉलोनी निवासी सुनीता सिंह के आवास पर बुधवार को भाजपा के कुछ सभासदों ने बैठक की। इस बैठक में शहर नगर पालिका के 27 में से 14 सभासद शामिल हुए। इनमें अधिकांश भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। कुछ ऐसे हैं जो पार्टी से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़े और जीतने के बाद फिर भाजपाई हो गए। इस बैठक का मुख्य मुद्दा लोकसभा चुनाव के दौरान हो रही उनकी उपेक्षा का रहा। सभासदों का का कहना था कि मोदी योगी की सभा में उनके पास तक नहीं बनाए गए। कुछ सभासदों का कहना था कि वह चुनाव कार्यालय जाकर प्रचार सामग्री मांगते हैं तो ऐसी पूछताछ की जाती है जैसे सीबीआई की जांच चल रही हो। कार्यालय पर जो बाहरी नेता है उनका व्यवहार ठीक नहीं। हालांकि उनका इशारा था कि उनकी नाराजगी पार्टी से नहीं है, लेकिन जिन्हें चुनाव कार्यालय पर बैठाया गया है उन लोगों का व्यवहार सुधरे। प्रत्याशी पर भी कुछ ने सवाल उठाए। अंत में यह तय किया कि अब वह प्रचार नहीं करेंगे। फिलहाल विपक्ष को इसके बाद भाजपा पर निशाना साधने का मौका मिला। सभासदों ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर भी फोन न उठाने के आरोप लगे।

सभासद साकेत सक्सेना ने बताया कि बैठक में रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह ,अवतार सिंह मोनू, सुरेश, शिखा शिवम मिश्रा,वतनदीप मिश्रा, टीटू, विपिन त्यागी, विकास, राजेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।


बैठक में शामिल होने पहुंचे सभासद वतनदीप मिश्र, सुनीता शुक्ला, रत्ना शुक्ला, सुरेश, शिखा शिवम मिश्रा, राजेंद्र भारती, साकेत सक्सेना, विपिन त्यागी व अन्य।

> पता चला है कि कुछ सभासदों ने बैठक की है। ये सब हमारे परिवार का हिस्सा है। सक्रिय कार्यकर्ता है और लगातार काम कर रहे है। कोई बड़ी बात नहीं बैठकर निपटाया जाएगा।
>
> **- संजीव प्रताप सिंह**, जिलाध्यक्ष भाजपा

> सभासदों की उपेक्षा लगातार हो रही है। लंबे अरसे से पार्टी से जुड़े हैं। लगातार काम कर रहे हैं। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पास आवंटित नहीं किया। पार्टी कार्यालय गए तो जो जिम्मेदार बैठे थे भीड़ बाहर करने की बात कहकर गेट बंद कर लिया। इसी उपेक्षा को लेकर बैठक हुई थी। वोट भाजपा को देंगे, लेकिन प्रचार न करने का निर्णय लिया गया है।
>
> **- सुनीता सिंह**, सभासद

> हम भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। चुनाव अब होना है तो लगातार भाजपा को जिताने के लिए लगे हैं। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर जो लोग हैं, उन्हें जानते नहीं। मगर वह तो सम्मान देना छोड़िए पहचानते तक नहीं हैं। सक्रिय कार्यकर्ता होने के नाते वोट करेंगे, लेकिन प्रचार नहीं। काम बहुत कर लिया अब थोड़ा आराम कर लें। बैठक में 14 सभासद थे। कुछ ने तो बताया उनका प्रधानमंत्री की सभा का पास नहीं बनाया, जिससे पीछे खड़े रहे।
>
> **-साकेत सक्सेना**, भाजपा सभासद



# इकोत्तर नाथ मंदिर जा रहे लोगों के सामने आया बाघ

## बाघ का पता लगने पर आधे रास्ते से लौटे कई श्रद्धालु, दहशत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** जंगल से सटे इलाकों में बाघ की चहलकदमी जारी है। बुधवार को इकोत्तर नाथ मंदिर में पूजा करने जा रहे श्रद्धालुओं के सामने अचानक बाघ आ गया। बाघ को देख श्रद्धालु घबरा गए। कुछ देर रास्ते में चहल कदमी करने के बाद बाघ झाड़ियों में चला गया। उधर, बाघ की चहलकदमी का पता लगने पर कई राहगीर आधे रास्ते से पीछे लौट गए।



सिरसा के जंगल में इकोत्तर नाथ मंदिर है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। कई भक्त ऐसे हैं जो रोजाना शिवजी के दर्शन करने को जाते हैं। गांव कबीरपुर कसगंजा के निवासी विपिन शास्त्री ने बताया कि रोज की तरह बुधवार सुबह वह बाइक पर इकोत्तर नाथ मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। वह जंगल में घुसने के बाद मंदिर के नजदीक पहुंचे होंगे। तभी कुछ दूरी पर कच्चे मार्ग पर बाघ को जाते देखा। बाघ को देखते ही वह घबरा गए और अपनी बाइक रोकने के बाद पीछे हट गए। कुछ देर तक बाघ कच्चे मार्ग पर चहलकदमी करता रहा, और इसके बाद झाड़ियों में चला गया। बाघ के चले जाने पर विपिन शास्त्री मंदिर गए और पूजा करके घर लौटै। उन्होंने रास्ते में कई राहगीरों को भी बाघ की चहलकदमी के बारे में बताकर सचेत किया। इस पर कई राहगीर रास्ते से लौट गए, वहीं कुछ लोग दूसरे रास्ते निकले। रेंजर पीयूष मोहन ने बताया कि बाघ की चहलकदमी को लेकर स्टाफ से जानकारी की जाएगी।

### बाघ के हमले का शिकार हुए किसान के परिजनों को राजस्व विभाग देगा मुआवजा

**पीलीभीत।** जंगल में बाघ के हमले का शिकार हुए किसान को राजस्व विभाग मुआवजा देगा। वहीं, घटनास्थल जंगल क्षेत्र में होने के कारण पीटीआर प्रशासन ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया है।पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में मंगलवार को कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव रानीगंज निवासी किसान भोलेराम को बाघ ने हमला कर निवाला बना लिया था। ग्रामीणों समेत परिजन बाघ हमले की घटना जंगल से बाहर होने की बात कह रहे थे। मगर पीटीआर प्रशासन की जांच में मामला जंगल क्षेत्र के अंदर का होना पाया गया। बाघ के हमले में मौत होने पर परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। इसमें चार लाख रुपये राजस्व विभाग एवं एक लाख रुपये पीटीआर प्रशासन की ओर दिए जाते हैं। इधर, राजस्व विभाग ने किसान भोलेराम के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, पीटीआर प्रशासन ने घटना जंगल क्षेत्र के अंदर होने के कारण मुआवजा न देने की बात कही है। इस संबंध में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि घटना जंगल क्षेत्र में होना पाई गई है। जंगल सीमा पर गश्त के दौरान वन कर्मियों द्वारा किसान को जंगल में न जाने की हिदायत भी दी गई थी। जंगल क्षेत्र में घटना होने पर मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है।

# दुख, चिंता और लगातार सोच में रहने से होते हैं रोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** विश्व होम्योपैथिक दिवस पर बुधवार को हैनीमैन होम्योपैथिक ग्रेजुएट डॉक्टर्स एसोसिएशन पूरनपुर की ओर से होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुएल हैनीमैन की जयंती मनाई गई। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. जेएल जायसवाल, डॉ. पल्लवी जायसवाल के कोतवाली रोड स्थित क्लीनिक पर हुए कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण करके की। अन्य चिकित्सकों ने भी पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. जेएल जायसवाल ने कहा कि होम्योपैथी में अधिकांश बीमारियों का इलाज सिर्फ मानसिक लक्षणों के आधार पर दवाई देने से हो जाता है। बीमारी चाहे कोई भी हो, रोग मुक्त किया जा सकता है। रोगी की अधिकांश बीमारियां उसके मन में लगातार अशांति बने रहने के कारण पैदा होती हैं। हमें यही देखना होगा कि बीमारी शुरू होते समय किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। जैसे अत्यंत दुख, चिंता, डर, गुस्सा, लगातार सोच में डूबे रहना या फिर किसी के द्वारा जबरदस्ती का शिकार होना। ये मुख्य कारण हो सकते हैं, जो विभिन्न रोगों को जन्म देते हैं। रोगी के वर्तमान लक्षण क्या है, जो वह व्यक्त करता है। उसी के आधार पर औषधि देनी होगी। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। इस मौके पर डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. रवि पांडेय, डॉ. अनुभव गुप्ता, डॉ. संजीव सरोज, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. सुखदीप सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।



पूरनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद होम्योपैथिक चिकित्सक व अन्य।

### होम्योपैथी के बारे में दी जानकारी, दवाएं बांटीं

**बीसलपुर।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में विश्व होम्योपैथी दिवस पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा की जानकारी दी गई और निशुल्क दवाएं वितरित की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद गंगवार ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा सबसे सरल सस्ती और शरीर के लिए कल्याणकारी है। इससे शरीर पर किसी भी तरह का दुष्प्रभाव नहीं होता है। होम्योपैथी यह भी मानती है कि खुराक जितनी कम होगी, दवा उतनी ही अधिक शक्तिशाली होगी। एलर्जी, माइग्रेन, अवसाद ,रूमेटाइड आर्थराइटिस, आंत की बीमारी में होम्योपैथी दवाएं ज्यादा फायदेमंद हैं।

### तीन किसानों की फसल जली, नहीं पहुंची दमकल

**पूरनपुर।** अचानक आग लगने से तीन किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। किसानों का आरोप है कि सूचना के बाद भी दमकल टीम नहीं पहुंची। हादसा तहसील क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर के मजरा गौटिया में हुआ। बुधवार दोपहर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। हवा चलने से कुछ ही देर में आग ने भीषण रुप ले लिया। आग की ऊंची लपटें देख ग्रामीण जमा हुए और फिर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। पेड़ों की टहनी औश्र ट्रैक्टर हैरो से जुताई कर आग पर काबू किया। आग में गौटिया निवासी विन्द्रा देवी पत्नी अर्जुन सिंह का एक एकड़, महेश सिंह पुत्र गुलाब सिंह का एक एकड़ गेहूं और ओमकार सिंह पुत्र वचन सिंह की एक एकड़ गेहूं की फसल जलने की बात कही गई। ग्रामीणों का कहना था कि दमकल टीम सूचना मिलने के बाद भी नहीं पहुंची। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष दिखा। तहसील के अनुसार इस हादसे की सूचना नहीं मिली।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

सभी जनपदवासियों को
ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नवीहसन अंसारी
निशात ब्रिक फील्ड
गाजीपुर मुगल थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

सभी जनपद वासियों को
ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
गुलशेर अहमद अंसारी ग्राम प्रधान
मोहम्मद अमान अंसारी प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत खमरिया पंडरी विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत

सभी जनपद वासियों को
ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
दामोदर बक्स
मटियार मिट्टी से निर्मित कोयले से पकी हुई हमेशा लोहा मार्का ईंट का प्रयोग करें
प्रो0 अफरोज अंसारी उर्फ गुड्डू बाबू
न्यू किसान ब्रिक्स फील्ड
अमखेड़ा विकास खंड बरखेड़ा (पीलीभीत)

Eid Mubarak
आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak

समस्त क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
AK PURE DRINKING WATER
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है
शादी एवं पार्टी के लिए संपर्क करें
पता स्टेशन रोड मोहल्ला जोशी टोला, खीरी टाउन
मो. 9580808984

ईद उल फितर की समस्त वासिंदो एवं शुभचिंतकों को दिली मुबारकबाद
राष्ट्र हित में बिजली बचाएं
बिल का समय से भुगतान करें
भीगे बिजली पोलों से दूरी बनाए रखें
मोहम्मद तैयब खाँ
पी.ए. विद्युत वितरण खंड
गोला गोकर्णनाथ-खीरी

समस्त क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
इशरत अली गैरी
सभासद
नगर पंचायत खीरी

ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
जिला पंचायत सदस्य

समस्त जनपद वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
NEO HOSPITAL
Dr. K.N. Shukla
MBBS, MD Medicine
Dr. M.A. Khan
(BAMS, General Physician)
Dr. Mohd. Rashid
(MBBS, MCH, SGPGI Cancer Surgeon)
Dr. Faraz Mannan
(MBBS, General Physician & Surgeon)

समस्त क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
जितेंद्र कुमार यादव
उर्फ जीतू
बीसी संचालक
(इंडियन बैंक)
छेदुई पतिया निघासन खीरी

इंडिया गठबंधन
की ओर से आप सभी को
ईद-उल-फितर मुबारकबाद
एवं
चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्कर्ष वर्मा
प्रत्याशी
28 खीरी लोकसभा
इकबाल अहमद खान
पूर्व नगर अध्यक्ष
कांग्रेस पार्टी
अल्पसंख्यक विभाग गोला
9415008566

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सरी बधाई।
रिजवान अहमद
समाज सेवी
आढ़ती
सब्जी मंडी समिति,
पलिया कलां खीरी।

आप सभी क्षेत्र वासियों को इदुलफितर की
बहुत बहुत मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं
Eid UL FITR MUBARAK
आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
के मौके पर तहेदिल से
मुबारकबाद
रियाज़उल्ला खां (बन्ने प्रधान)
समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी
9415566858

समस्त नगर पंचायत वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
प्रो. मो. जावेद
7974026491
9406066819
कामना ज्वैलर्स
निकट डॉ. निसार कटरा रोड, खीरी टाउन

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को
ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
कमाल अहमद
लेखपाल
तहसील
लखीमपुर खीरी

समस्त क्षेत्र वासियों को ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
अल्ताफ अंसारी
प्रधान प्रतिनिधि जलालपुर
रजनीश गुप्ता
रोजगार सेवक जलालपुर
बृजेश कुमार सविता
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. जलालपुर

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सरी बधाई।
चंदन शुक्ला
समाजसेवी व भाजपा नेता
पलिया कलां खीरी।

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सरी बधाई।
अताउर्रहमान खान
समाज सेवी, जिला सचिव
समाजवादी पार्टी लखीमपुर
निवास-पलिया कलां खीरी।

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सरी बधाई।
अंजुम बानो
प्रधान
पती पूर्व प्रधान
समीउद्दीन उर्फ सम्मू
ग्राम, पंचायत नहरोसा,
ब्लॉक पूरनपुर, पीलीभीत।

आप सभी को इद-उल-फितर,
नवरात्रि बैसाखी व अम्बेडकर
जयंती पर्व की ढेर सारी बधाई।
खैरून निशा
महबूब अली
ग्राम पंचायत पढ़ुवा ब्लाक
पलिया कलां खीरी

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सारी बधाई।
डॉ. आई.ए.खान
समाजसेवी
संपूर्णानगर खीरी।

आप सभी को इद-उल-फितर, नवरात्रि बैसाखी
व अम्बेडकर जयंती पर्व की ढेर सारी बधाई।
फरजंद अली उर्फ बुंदु मियां
आढ़ती व नि.उप
चेयरमैन पलिया सोसाईटी
मोहम्मद अली
आढ़ती
सब्जी मंडी समिति पलिया कलां खीरी।

समस्त क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
अनिल यादव
प्रधान
बल्लीपुर निघासन खीरी

समस्त क्षेत्रवासियों,
पार्टी कार्यकर्ताओं,
पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों
को ईद उल फितर की
दिली मुबारकवाद
विनय तिवारी
पूर्व विधायक
139 विधानसभा क्षेत्र गोला गोकर्णनाथ
जनपद लखीमपुर-खीरी।

प्रस्तुति :- गोपी चन्द्र-जिला विज्ञापन प्रभारी मो. 8858047588, कामता सिंह कुशवाहा-गोला मो. 9415460831, विकास दीक्षित निघासन 9415400332, वसीम मो 99190 97957 महंगापुर, विमल शर्मा

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



# बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174



ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज



डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551



ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में



EMPLANTMENT TPA
✦ STAR HEALTH ✦ SBI GENERAL INSURANCE ✦ ICICI LOMBARD
✦ HDFC ERGO ✦ NIBA BUPA/MAX BUPA ✦ ADITYA BIRLA CAPITAL
आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली। 9411090551



ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट, अंग्रेजी अनिवार्य
A.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट
B.Sc. Nursing योग्यता-इण्टरमीडिएट, बायो ग्रुप
❖ DIPLOMA O.T. ❖ DPT ❖ D.OPT.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
● उच्च शिक्षा ● उच्च प्रैक्टिस ● उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग


# सराफा व्यापारी ने की विवाहिता से छेड़छाड़

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** सराफा की दुकान पर छूटा मोबाइल को वापस लेने के लिए पहुंची विवाहिता से सराफ ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे धमकाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अप्रैल को वह अपनी जेठानी के साथ गांव में ही एक सराफा दुकान पर पायल खरीदने गई थी। वहां पर पायल के रेट अधिक होने पर नहीं ले सकी थी। इस पर वहां से एक क्लीनिक पर दवा लेने चली गई। इस दौरान मोबाइल सराफा दुकान पर ही छूट गया था। कुछ देर बाद जब मोबाइल की ध्यान आई तो वापस सराफा दुकान पर पहुंच गई। पहले तो सराफा व्यापारी ने मोबाइल लौटाने से इंकार कर दिया। इसके बाद बमुश्किल मोबाइल वापस किया। आरोप है कि सराफा व्यापारी ने पीड़िता से अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। किसी तरह खुद को बचाकर दुकान से भागी। घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई। जिसके बाद तहरीर दी गई। एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी उमेश के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पीलीभीत को सजाने संवारने का करेंगे काम



जनसभा को संबोधित करते जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के नावकूड, खेड़ा-बेहरी, जंगरौली आशा, उगनपुर, भंगा मोहम्मदगंज, दहगला आराजी, सैदपुर, पिपरिया अगरू, रूरारामनगर, विलगवां, लालपुरिया साहब सिंह, अलीगंज आदि गांवों में सभा की।

उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर पीलीभीत को सजाने संवारने का पूरी ताकत से काम करेंगे। जनपद के लोगों का प्रतिदिन जो स्नेह, अपनापन मिल रहा है उसे जीवन भर टूटने नहीं देंगे। पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं पीलीभीत में हैं। इस दिशा में चुनाव के बाद डटकर काम करेंगे, ताकि लोगों के लिए रोजगार के अच्छे अवसर पैदा किए जा सकें। कहा कि उन्होंने जब से राजनीति में कदम रखा है तब से उनकी एक ही सोच रही विकास, विकास और विकास।

उन्होंने जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया वहां विकास की दिशा में भरपूर ऊर्जा से काम किया। इस मौके पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूर्व मंत्री डॉ. साधना मिश्रा, चेयरमैन डा. आस्था अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने बनाए मतदाता जागरुकता पोस्टर



**पूरनपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी और इनर व्हील क्लब पर्ल्स ने बुधवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता कराई। जिसमें 20 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने सुंदर पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में याशमीन बी प्रथम, सादिया बी द्वितीय और अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को दोनों संस्थाओं की ओर से पुरस्कार दिए गए। रेड क्रॉस के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बच्चों से कहा कि अपने माता-पिता और आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर श्वेता गुप्ता, राखी अग्रवाल, रोटरी रॉयल्स के अध्यक्ष शेखर सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।




RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक-12 अप्रैल 2024, दिन-शुक्रवार समय-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
❑ आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093


## 3.50 लाख किताबों की मिली खेप, सत्यापन शुरू

**पीलीभीत।** नए सत्र के पहले दिन से ही सभी छात्र-छात्राओं के पास नई किताबें होने के आदेश जारी किए गए थे। विभाग की ओर से कक्षा तीन से आठ तक की 15 लाख 81 हजार किताबों का ऑर्डर दिया गया था। इसके सापेक्ष जिले को महज 12 लाख किताबें भेजी गई थी। किताबें आने के बाद इनका सत्यापन कराने के बाद स्कूलों में भिजवा दिया गया था। मगर किताबें कम आने के कारण अधिकतर छात्र-छात्राओं को किताबें नहीं मिल सकी थी। जिसके बाद बीते शनिवार को दूसरे चरण में 3.50 लाख किताबें और भेज दी गईं। जिनका सत्यापन कराया जा रहा है। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि किताबों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद स्कूलों में भेजी जाएंगी।

## पति और प्रेमी संग जाने से इनकार, वन स्टॉप सेंटर भेजी गई महिला

**पूरनपुर /माधोटांडा।** परिजनों को नशा देकर प्रेमी के साथ गई महिला को अब वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। उसने पति और प्रेमी दोनों के साथ जाने से इनकार कर दिया था। थाना माधोटांडा क्षेत्र की एक महिला मंगलवार को परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ देकर प्रेमी के साथ चली गई थी। बुधवार सुबह कुछ होश आने पर तबीयत बिगड़ी तो पति समेत अन्य परिवार वालों को सीएचसी लाया गया था। प्राथमिक इलाज के बाद पति, सास और मौसी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। कुछ देर बाद महिला खुद थाना माधोटांडा पहुंच गई थी। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए। जिसमें महिला पति और प्रेमी दोनों के साथ जाने से मना कर गई। महिला ने कहा कि वह अपनी मर्जी से घर से आई है और वापस नहीं जाएगी। इस पर पुलिस ने महिला को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया।

## मुनीम की हत्या में दंपती गिरफ्तार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केशवापुर स्थित ईंट भट्ठे पर मुनीम का शव बरामद होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर लिया हैं।

ग्राम पुर्नभूग्रंट निवासी शंकरलाल (43) केशवापुर स्थित एएचसी ब्रिक फिल्ड नामक ईंट भट्ठे पर मुनीमी करता था। सात अप्रैल की शाम उसका शव ईंट भट्ठे पर एक मजदूर की झोपड़ी में मिला था। शंकरलाल के बेटे शैलेश कुमार ने हत्या का आरोप लगाया है। कहा कि ईंट भट्ठे पर झोपड़ी में रहकर सुनीता उसका पति राकेश निवासी भल्लिया बुजुर्ग ईंट पथाई करते हैं। शैलेश का कहना है कि ढ़ोंगवा निवासी अमित कुमार ने उसे बताया कि सात अप्रैल को राकेश और उसकी पत्नी सुनीता ने फावड़े से उसके पिता शंकरलाल पर हमला कर दिया। जिसमें शंकरलाल की मौत हो गई थी। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि आरोपी दंपती को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर फावड़े का बेट बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बताया कि शंकरलाल की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर की राजापुर रेलवे क्रॉसिंग से एक किलोमीटर दूर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा मंगलवार की रात करीब 11 बजे के करीब हुआ। सूचना पर पहुंची राजापुर चौकी पुलिस ने शव की पहचान कराई तो शिनाख्त थाना खीरी के गांव श्यामलाल पुरवा निवासी संदीप रस्तोगी (34) के रूप में हुई है। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। राजापुर चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# हवा भरते समय धमाके के साथ फटा टायर, बालक घायल

## पंचर की दुकान पर काम करता था 12 साल का विकास, हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

- खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में हुई घटना
- मोहल्ला चमरौधा का रहने वाला है घायल बच्चा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



घायल बालक का जिला अस्पताल में उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार



हवा भरते समय फटा टायर और मौके पर पड़ा रिम।

**अमृत विचारः** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में पंचर बनाने के बाद हवा भरते समय अचानक टायर तेज धमाके के साथ फट गया। दुकान में काम कर रहा 12 साल का विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। उससे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया है।

कस्बे के बेहजम तिराहे पर कस्बा ओयल के मोहल्ला कबाड़ियन टोला निवासी सलीम की पंचर बनाने की दुकान है। उसकी दुकान पर मोहल्ला चमरौधा निवासी विकास (12) काम करता है। बुधवार को सलीम ने एक पंपिंग सेट के टायर का पंचर बनाया। इसके बाद विकास उसमें हवा भरने लगा। इसी बीच टायर तेज धमाके के साथ फट गया। आसपास रखे टायर खोलने और बंद करने के औजार भी हवा में उझल कर दूर जा गिरे। धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास खड़े लोग हिल गए। इस दौरान विकास सिर में गहरी चोट आने से खून से लथपथ होकर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 घायल विकास को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया है।

> हवा भरते समय हादसा हुआ है, जिसमें घायल हुए बालक की हालत चिंताजनक है। चौकी पुलिस जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> **– अजीत कुमार**, एसओ

### पिता की मौत के बाद मुफलिसी का शिकार है विकास का परिवार



कस्बा ओयल के मोहल्ला चमरौधा निवासी विकास का परिवार काफी गरीब है। उसके पिता की चार साल पहले मौत हो चुकी है। खेलने और पढ़ने की उम्र में पिता का साया सिर से हट गया। भाई और बहनों में बड़ा होने के कारण मां के साथ ही छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी भी उसके नाजुक कंधों पर आ गई। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। विकास की मां मनीषा बताती हैं कि विकास बेहजम तिराहा के पास सलीम की पंचर की दुकान पर काम करता है। उसे 30 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिलती है। इसी रुपये से बेटा दो वक्त की रोटी का इंतजाम करता था। हादसे ने उसके बेटे को मौत के मुंह में ढखेल दिया। मनीषा का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## संदिग्धावस्था में फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मायके वालों ने दामाद समेत छह पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में एक विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता शव मिला। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत छह ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीतापुर के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम सेलूमऊ निवासी शिवराम पुत्र श्रीकृष्ण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उन्होंने अपनी बेटी चारुल का विवाह 22 मई 2021 को गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी मनोज शुक्ला के बेटे शुभम शुक्ला के साथ किया था। चार पहिया वाहन को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। चार माह पूर्व इसकी शिकायत उन्होंने गोला कोतवाली में की थी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। नौ अप्रैल को उनकी बेटी ने फोन कर बताया कि ससुराली चार पहिया को लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं। उसकी जान खतरे में है। शिवराम का कहना है कि वह परेशान हो गए और किसी तरह रुपए की व्यवस्था कर जलालपुर भेजें। उनका छोटा बेटा नितिन जलालपुर आया और बहनोई को 10 हजार रुपए दिए तो वो लोग और गुस्सा हो गए। कहा पूरी रकम लेकर आओ नहीं तो अपनी बहन और भांजे का शव ले जाना। उनका बेटा घर पहुंचा तभी शाम को फोन आ गया कि चारुल की मौत हो गई है। जब वह जलालपुर पहुंचे तो उसे उनकी बेटी का शव आंगन में पड़ा था। शरीर पर चोट के जाहिरा निशान थे। पुलिस ने मृतका के पति, सास, देवर, ननद और मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दो घरों से लाखों का माल ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पीड़ित प्रेम के घर जांच करती पुलिस।



चोरों ने घर के बाहर फेंका संदूक।

- पखवाड़े भर में दूसरी बार मुराउन टोला में हुई वारदात

**अमृत विचारः** ओयल क्षेत्र के मरखापुर में चार घरों में चोरी की घटना को पांच दिन भी नहीं बीत पाए थे कि चोरों ने मंगलवार की रात मुराउन टोला के दो घरों पर धावा बोल दिया। नगदी व जेवर समेत करीब ढाई लाख का माल बटोर ले गए। पखवाड़े भर पहले भी चोर इसी मोहल्ले के दो घरों से नगदी-जेवर चोरी कर ले जा चुके हैं।

लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर मुराउन टोला (ढखवा बाजार) के प्रेम ने बताया कि मंगलवार की रात वह परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़ आए और जीने के रास्ते घर में दाखिल हो गए। चोरों ने घर में सो रहीं चमेली देवी के बिस्तर के नीचे रखी चाभी निकाल ली। एक बक्से का ताला खोल लिया जबकि लोहे का दूसरा बक्सा काफी मजबूत था। इसे उठाकर ले गए और माल निकाल कर करीब दो सौ मीटर दूर फेंक दिया। चोर 20,250 रुपए, एक जोड़ी सोने की झुमकी, 500 ग्राम चांदी की जेवरी, एक मटर माला पांच पैंडिल, सोने के कुंडल, कमर पेटी, एक बटुला पीतल का, थारा, पीतल की 10 थाली आदिसामान चोरी कर ले गए। दूसरी वारदात करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित सरोज के घर हुई। सरोज की पत्नी माया देवी ने बताया कि चोर पर्स और बैग ले गए। बैग व पर्स में रखी एक जोड़ी पायल, सोने की चेन और 53 सौ रुपये निकाल लिए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है, लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

> दो घरों में चोरी की जानकारी मिली है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। टीमें खुलासे के लिए लगी हैं। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।
> **-अजीत कुमार**, एसओ खीरी

## पुलिस चौकी पर महिला के जहर खाने के मामले ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एसपी ने सीओ गोला को सौंपी दरोगा पर आरोपों की जांच




सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष का ट्वीट।

**अमृत विचारः** थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज में महिला के संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाने के मामले को लेकर पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सहित कई लोगों ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज कर रहे चौकी इंचार्ज का वीडियो एक्स पर ट्वीट किया है। योगी पुलिस का कारनामा लिखकर उस पर तंज कसा है। उधर एसपी ने जांच सीओ गोला को सौंपी है।

पुलिस चौकी बांकेगंज के गांव गंगापुर के निरंजन की पत्नी गोमती देवी ने मंगलवार को पुलिस चौकी परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसने गांव पसियापुर के एक युवक को 90 हजार रुपये दिए थे। रुपये वापस न करने पर उसने पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर दरोगा ने आरोपी पक्ष से 90 हजार लेकर उसे (पीड़िता को) नहीं दिए। रुपये मांगने पर गाली गलौज की और उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया। बुधवार को सोशल मीडिया पर आरोपी दरोगा के दो वीडियो वायरल हुए हैं। एक पुलिस चौकी परिसर तो दूसरा चौकी के अंदर का है। परिसर वाले वीडियो में गोमती अपने दो बच्चों के साथ खड़ी है। बरामदे में आरोपी दरोगा खड़ा है। वह पीड़िता को गाली देत हुए भाग जाने और महिला सिपाहियों को बुलाकर पिटाई करने की धमकी देता दिख रहा है। दूसरे वीडियो में एक युवक के साथ चौकी के अंदर अभद्रता कर रहा है।

सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे सहित कई लोगों ने इन दोनों वीडियो को एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, आईजी, डीजीपी और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को टैग कर तंज कसते हुए लिखा है कि खीरी पुलिस के जाबांज दरोगा कृष्णपाल बांकेगंज चौकी में फरियादी महिला को अभद्र भाषा से सम्मानित करते.. इन पर महिला ने जहर पिलाने का लगाया है आरोप, योगी पुलिस के कारनामे तो किसी ने नारी वंदन का जांबाज दरोगा लिखकर तंज कसा है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जांच सीओ गोला को सौंपी है।

> वायरल वीडियो व पीड़िता के जहर खाने के मामले में की जांच सीओ गोला से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-गणेश प्रसाद साहा**, एसपी।

## सोलर पैनल चोरी में चार आरोपी गिरफ्तार 11 पैनल बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना नीमगांव पुलिस ने गांव टिकौला में पानी की टंकी से चोरी हुए 550 वोल्ट के 11 सोलर पैनल बरामद कर एक चार आरोपियों का चालान भेजा है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद कर सीज की है।

चार अप्रैल की रात चोरों ने परिसर में लगे 550 वाट के 11 सोलर पैनल चोरी कर लिए और पिकअप में लादकर भाग निकले थे। जिसका फसल की रखवाली कर रहे किसान ने वीडियो भी बनाया था। कार्यदायी संस्था एनआर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी प्रभू सिंह ने थाना नीमगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर राजकुमार मिश्रा निवासी ढकवा थाना गोला, पुष्कर वर्मा, अनुराग पुत्र श्रीराम वर्मा निवासी अशरफी गंज और रामप्रकाश निवासी बंजारगंज थाना हैदराबाद को गिरफ्तार कर चोरी किए गए पैनल व घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद की है।

## बैरिया जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढुआ पुलिस ने बैरिया जंगल में छापा मारकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक देशी बंदूक समेत कई बने व अधबने तमंचे, असलहे बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं।

प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने बैरिया जंगल में छापा मारा। इस दौरान टीम ने सागर पुत्र बाबूराम निवासी राजापुर मजरा दरेरी को गिरफ्तार किया है। मौके से एक देशी बंदूक, पांच तमंचा, एक अर्धनिर्मित तमंचा, कारतूस, कारतूस खोखा, शस्त्र बनाने के उपकरण, एक पेट्रोमैक्स व 370 रुपये आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

### ग्राहक बुलाने को लेकर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला नीची भूड़ निवासी सुहेल खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी मेला मैदान में दुकान है। मंगलवार को ग्राहक बुलाने को लेकर पड़ोसी दुकानदार से विवाद हो गया। जिसको लेकर वारिस और यासीन ने उसे और उसके पिता अंसारी अली को लाठी डंडों से पीटकर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**भीरा।** प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने गांव बेलहा सिकटहा निवासी जिला बदर अपराधी रामचंद्र उर्फ नन्हे को उसी के घर के पास बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट सहित छह संगीन आपराधिक मामले थाना भीरा में पहले से दर्ज हैं।

## पांच घरों में आग से एक बकरी जिंदा जली, दो पशु झुलसे



आग लगने से जलकर राख हुए घर। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** थाना मझगईं के गांव दौलतापुर के मजरा कामता नगर में बुधवार की सुबह करीब 09:30 बजे ललतू पुत्र रामकिशन के छप्परदार घर में आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोसी सुमिंदर का पशुबाड़ा जलकर खाक हो गया। जगत राम का घर व घारी भी जल गई। उसमें बंधी एक बकरी जिंदा जल गई, जबकि दूसरी बकरी व एक भैंस झुलस गई। भारत व मनोज का घर और गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया। अग्निकांड में ललतू के घर में रखे आठ हजार रुपए नकद समेत अन्य सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई। मझगई एसओ पुष्पराज कुशवाहा, नायब तहसीलदार निघासन दिव्यांशु शाही, कानूनगो रामलाल राणा आदि गांव पहुंचे और पीड़ितों का हाल जाना।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रिटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपनी सगी पुत्री नंदिता सोनकर उर्फ मोना को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण उससे समस्त संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **पृथ्वी नाथ सिंह सोनकर, पुत्र स्व. गोपीनाथ सिंह सोनकर, निवासी नेकपुर, बदायूँ रोड, थाना सुभाष नगर, बरेली**

**खोया-पाया**
मेरी इण्टरमीडिएट परीक्षा सन 2022-23 अनुक्रमांक 2235777411 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**सत्यवीर गौतम पुत्र कुंवर सेन, निवासी ग्राम महंद खाद थाना पूरनपुर, जिला पीलीभीत।**

**सूचना**
मैंने अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी व पुत्री श्रुति को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके किए किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **ओमपाल कश्यप, पुत्र स्व. रोशन लाल, निवासी-वंशी नगला, हाल निवासी-राजीव कॉलोनी, सुभाष नगर, बरेली**

**बिकाऊ है**
मकान बिकाऊ है, पूरब मुखी
100 गज दो मंजिला
Max City Colony, Nakatia, Near Jat Regiment Centre, Shahjahanpur Road, Bareilly
Tiles & Water Tanki Fitting
Modular Kitchen
Western Toilets
5 Rooms
False Ceiling in living area and kitchen
LOAN FACILITY AVAILABLE
PRICE 60 LAKH
Contact : 8445819999

**बिकाऊ है**
1247 वर्गगज का प्लाट मय बाउंड्रीवॉल व गेट और पक्का साइट आफिस।
नैनीताल बाईपास रोड (हार्टमैन पुल और पुलिस चौकी अशरफ खाँ के मध्य) बरेली।
सम्पर्क
7500000102, 9837093499

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## नवरात्र पर्वः गंगोत्री नगर में पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** नवरात्र पर गायत्री शक्तिपीठ के युवा प्रकोष्ठ ने मोहल्ला गंगोत्री नगर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व दीप यज्ञ का आयोजन किया। गायत्री परिजनों ने गायत्री महामंत्र की आहुतियां देकर सबके लिए सद्बुद्धि व नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। शाम को भजन संगीत के साथ दीप प्रज्वलित कर आहुतियां दी गईं। इस दौरान विद्यारंभ संस्कार कराए गए। संचालन जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, अजय वर्मा और अंकित की टोली ने किया। महिला मंडल की संगीता कुमारी, अनुराधा मौर्य, मुन्नी देवी, गीता बरनवाल, दीपक वर्मा, प्रवीण वर्मा, कुलदीप वर्मा, अनुराग मौर्य आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस कार्यालय पर नव संवत्सर का स्वागत



गोला में आरएसएस कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** संघ के प्रांतीय पदाधिकारी ने बैठक कर नव संवत्सर का स्वागत किया है।

नगर की खुटार रोड पर दीनदयाल उपाध्याय धाम संघ कार्यालय पर आयोजित बैठक में भारतीय नव वर्ष को लेकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर स्वयं सेवकों को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान किया। अवध प्रांत संचालक स्वर्ण सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख रामनरेश, नगर संघचालक गोला विजय कुमार, नगर कार्यवाह महेंद्रनाथ पाठक, गौ सेवा प्रमुख विनीत सिंह भदौरिया, जिला प्रचारक शिवप्रसाद, नगर प्रचारक सर्वेंद्र कुमार, कमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस और पीएसी ने किया फ्लैग मार्च

**मैलानी, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव और ईद के त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मैलानी नगर, राजामंडी, सलावत नगर, दामोदरपुर में पुलिस, पीएसी टीम ने मैलानी नगर और गांव में फ्लैग मार्च किया, जिससे शांति-व्यवस्था बनी रहे। पैदल मार्च थाने से शुरू होकर बाईपास, खुटार रोड, मैलानी गांव, चमन चौराहा, भीरा रोड से मुख्य बाजार होते हुए सलावत नगर, राजामंडी से वापस थाने में आकर समाप्त हुआ। पैदल मार्च में थाना प्रभारी राजेश कुमार, पीएसी के जवान, एसआई उदयभान मिश्र, अंशुल, कृष्णा गोपाल, अनिल कुमार तिवारी, प्रेमचंद, हरिश्चंद्र, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, जयप्रकाश, बृजनंदन, जुल्फिकार अली, जाबिर हुसैन, चकित, अनुराग, दीपक चंद्रा कंचन आदि शामिल रहीं।

### ऐप पर ट्रेन को दौड़ता देख खिल उठे चेहरे, फिर छाई मायूसी

# ऐशबाग से टनकपुर के लिए चली ट्रेन निकली फर्जी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर बुधवार शाम ऐशबाग से पीलीभीत होकर टनकपुर के लिए ट्रेन संचालित होने का संदेश वायरल हो गया। उधर, ट्रेन की लोकेशन देखने के लिए प्रयोग किए जा रहे एक ऐप पर ट्रेन की स्थित भी दिखने लगी, जिसको देखकर जिलेवासियों की खुशी का ठिकाना न रहा। हालांकि रेल अफसरों ने इसे अफवाह बताकर नई ट्रेन शुरू होने को सिरे से खारिज कर दिया है।

शाहगढ़-पीलीभीत के बीच सीआरएस निरीक्षण होने के बाद




ऐप पर ट्रेन की दिख रही लोकेशन।

ट्रेन चलना ही शेष रह गया है। अधिकारियों के मुताबिक रेलवे बोर्ड से अनुमित मिलते ही ऐशबाग से पीलीभीत के रास्ते बरेली आदि के

- रेलवे के जिम्मेदारों ने ट्रेन शुरू होने को बताया अफवाह

> सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज पूरी तरह से फेक (फर्जी) है। बिना नोटिफिकेशन जारी हुए ट्रेन संचालन होना संभव नहीं है। यात्री इस तरह के मैसेज पर विश्वास बिल्कुल न करें। जब भी ट्रेन चलेगी रेलवे की ओर से जानकारी दी जाएगी। – **महेश गुप्ता,** जनसंपर्क अधिकारी– पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल

लिए ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा। इस बीच बुधवार की शाम अचानक ट्रेन संख्या 15313 का संचालन ऐशबाग से पीलीभीत होकर टनकपुर के लिए होने का संदेश वायरल होने लगा। इतना ही नहीं इस नंबर की ट्रेन की लोकेशन भी एक एप पर दिखने लगी। इसके मुताबिक यह ट्रेन सुबह 10:55 पर ऐशबाग से चलकर शाम 04:02 मिनट पर लखीमपुर पहुंचकर रात 09:09 मिनट पर टनकपुर पहुंचेगी।

ऐप पर ट्रेन संचालित होता देखकर लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। मगर, रेलवे अधिकारियों ने इस मैसेज को सिरे से नकार दिया है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन संचालन के लिए रेलवे बोर्ड पहले नोटिफिकेशन जारी करता है। इसके बाद समय सारिणी तैयार होती है, तब जाकर कहीं ट्रेन संचालन शुरू हो पाता है। मैसेज फर्जी है।

# ईद आजः चांद दिखते ही चहक उठे लोग, देने लगे मुबारकबाद

### बाजारों में देर रात तक रही रौनक, रेडमेड कपड़े, सेवइयां और सूतफेनी खरीदने उमड़े लोग

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** रमजान महीने में खुदा की इबादत में मशगूल रहने वाले रोजेदार अब ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। वैसे तो कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं, लेकिन बुधवार की शाम इफ्तार के बाद चांद दिखते ही एक दूसरे को ईद की मुबारकवाद दी। शाम को बाजारों में रौनक बढ़ गई। लोगों ने कपड़ों, सूतफेनी और सेवइयों की खरीदारी जमकर की।


रमजान माह बुधवार को समाप्त हो गया। मंगलवार को बच्चों से लेकर महिलाएं और पुरुष घर की छतों से चांद तलाशते नजर आए। मगर, चांद नजर आने की कहीं से तस्दीक नहीं हुई थी। बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद चांद का दीदार हो गया। ऐसे में बृहस्पतिवार को 30 रोजे पूरे होने पर ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी। ईदगाहों में ईद की नमाज का समय भी मुकर्रर हो गया।

त्योहार को लेकर बाजार की रौनक भी कई गुना बढ़ गई। बुधवार देर रात तक शहर के मेन रोड स्थित बाजार, खपैरला बाजार, सदर चौराहा, संकटा देवी मार्केट सहित सभी बाजारें खरीदारों से गुलजार रहे। ईद को लेकर बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं का उत्साह चरम पर हैं। चांद का दीदार होते ही ईद की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। युवा, महिलाएं और युवितयां फोन से अपनों को देर रात तक ईद की मुबारकबाद देती रहीं। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना इशहाक ने बताया कि बुधवार को चांद का दीदार होने से ईद का त्योहार बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा।

**दिखा चांद तो दी ईद की मुबारकवाद :** बुधवार को ईद का चांद दिखते ही लोगों ने खुशी का इजहार किया और चांद देखकर दुआएं मांगी। बुधवार को 30 रोजे रखने के बाद ईद का चांद दिखते ही एक दूसरे को ईद की मुबारकवाद दी।



ईद का चांद देखकर उत्साहित होते लोग। ● अमृत विचार



लखीमपुर खीरी में नजर आया ईद का चांद।

### पलिया में दिखा चांद, हर तरफ खुशी

**पलिया कलां।** ईद का चांद दिखते ही रोजेदारों में खुशी छा गई। चांद दिखते हुए खुशी से उत्साहित होते हुए मस्जिदों में गोले-पटाखे दागे गए और लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देना शुरू कर दिया है। ईद की नमाज गुरुवार को पलिया नगर के प्रमुख ईदगाह में पूर्वाह्न करीब नौ बजे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।



चांद दिखने के बाद खपरैला बाजार में बढ़ी रौनक। ● अमृत विचार

### ईदुल फितर की नमाज का समय

| मस्जिद | समय (सुबह) |
|---|---|
| 1. मस्जिद ईदगाह | 8 :45 बजे |
| 2. ईदगाह नौरंगाबाद | 9 :15 बजे |
| 3. मस्जिद मीनारा | 9 :00 बजे |
| 4. मस्जिद गोटैया बाग | 9 : 45 बजे |
| 5. मस्जिद हाथीपुर कोठार | 8 :30 बजे |
| 6. मस्जिद हुदा हिदायतनगर | 8 :30 बजे |
| 7. मस्जिद कचहरी | 8 :30 बजे |
| 8. मस्जिद महाराजनगर | 7 :45 बजे |
| 9. गौसिया मस्जिद महाराजनगर | 7 :45 बजे |
| 10. सुनहरी मस्जिद | 10 :00 बजे |
| 11. अजमेरी मस्जिद हाथीपुर | 8 :30 बजे |
| 12. मस्जिद गुलजारनगर | 8 :30 बजे |
| 13. हुसैनी मस्जिद हिदायतनगर | 8 :30 बजे |
| 14. मस्जिद शमशेरनगर | 8 :30 बजे |
| 15. मस्जिद गरीब नवाज इस्लामनगर | 8 :30 बजे |
| 16. मस्जिद कादरी गुलजार नगर | 8 :30 बजे |
| 17. रफाकती मस्जिद हिदायतनगर | 9 :00 बजे |
| 18. मदीना मस्जिद हिदायतनगर | 8 :30 बजे |
| 19. छाउछ पुरानी मस्जिद सुबह | 7 :45 बजे |
| 20. मस्जिद मथना शरीफ | 8 :30 बजे |
| 21. मस्जिद बिलाल हिदायतनगर | 8 :30 बजे |
| 22 बरकाती मस्जिद नौरंगाबाद | 8 :00 बजे |

## शहर से नहीं गुजरेंगे भारी वाहन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** यातायात पुलिस ने ईद को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार किया है, जो आज यानी गुरुवार को सुबह छह बजे से लागू हो जाएगा। पुलिस ने वाहनों से स्टंट, हुड़दंग करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नकेल कस ली है। ऐसे चालकों के ट्रैफिक पुलिस वाहन तो सीज ही करेगी। साथ ही उन्हें हवालात की हवा भी खानी पड़ेगी। नमाज और ईद को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। वहीं पूरी तरह से रात आठ बजे तक कार्मिशियल, भारी वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

ईद का त्योहार गुरुवार यानी आज मनाया जा रहा है। शहर की मस्जिदों और ईदगाहों को मिलाकर 22 स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी। इससे शहर में भारी भीड़ भाड़ रहेगी। टीएसआई हरमीत सिंह ने भीड़-भाड़ को लेकर मस्जिदों व ईदगाहों के साथ ही प्रमुख भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। रोस्टर वार यातायात अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शहर के सभी छोटे-बड़े चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। शहर में सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक विभिन्न मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

### इन मार्गों पर नहीं चलेंगे वाहन

- देवकली मोड़ तिराहा से संकटा देवी की तरफ आने वाले सभी कमर्शियल, भारी वाहन और ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।
- डान बास्को स्कूल से शहर की ओर आने वाले कमर्शियल, भारी वाहन व ट्रैक्टर ट्रालियां भी सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगी।
- नौरंगाबाद चौराहा से शहर की ओर आने वाले सभी प्रकार के भारी, कमर्शियल वाहन और ट्रैक्टर ट्रालियों का संचालन सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक बंद रहेगा।

### ये रहेगा रूट डायवर्जन

- महेवागंज, पलिया बस स्टैंड, मेला मैदान से आने वाले वाहन इमली तिराहा, दुखहरण नाथ मंदिर तिराहा, कंपनी बाग तिराहा, विलोबी हाल तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए नौरंगाबाद की ओर जाएंगे।
- विलोबी हाल तिराहा से शहर के अंदर आने वाले वाहन विलोबी हाल तिराहा से लोहिया भवन महिला अस्पताल, जीआईसी तिराहा, गुरु गोविंद सिंह चौक होते हुए शहर के अंदर जाएंगे।
- पैदल, साइकिल, दो पहिया वाहन के अलावा कोई भी वाहन मेला मैदान से संकटा देवी की तरफ नहीं जाएंगे।
- संकटा देवी से सदर चौराहा/अस्पताल की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- सदर चौराहा से हमदर्द तिराहा तक तीन पहिया व चार पहिया वाहन नहीं जायेंगे।

## जांच में तेजी, कार्रवाई की तैयारी फिर भी नहीं बन रहा बच्चों के लिए खाना

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूल करनपुर में तीन महीने से एमडीएम न बनने की खबर छपी तो अधिकारी हरकत में आ गए। मामले की जांच बीईओ कर रहे हैं।

कार्रवाई की भी तैयारी हो गई है, लेकिन अभी तक मध्यान्ह भोजन बनना शुरू नहीं किया है। लापरवाही का आलम यह है कि बीईओ स्कूल में भोजन बनवाने की बजाय कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। बता दें कि करनपुर के संविलियन विद्यालय के 312 बच्चों को तीन माह से एमडीएम नहीं मिल रहा है। इस समस्या को अमृत विचार ने तीन अप्रैल को संविलियन विद्यालय में भूखे पेट पढ़ते हैं बच्चे शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर बीएसए ने मामले की जांच बैठा दी है। बीईओ सदर ने मामले की जांच करते हुए शिक्षकों पर कार्रवाई कराने की तैयारी भी शुरू कर दी है। यह सब तो हो गया, लेकिन एमडीएम आज तक बनना शुरू नहीं हुआ है। एमडीएम न बनने के पीछे वजह इंचार्ज प्रधानाध्यपक के चार्ज न लेना है।


संविलियन विद्यालय करनपुर में भूखे पेट पढ़ते हैं बच्चे

खबर की पीडीएफ।

- जिम्मेदारों की अनदेखी से शासन की योजना में लगाया जा रहा पलीता
- प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल करनपुर में मध्यान्ह भोजन न बनने का मामला

### बच्चों का निवाला छीनने वालों पर जिम्मेदार मेहरबान

जांच में यह बात सामने आई है कि फरवरी में मामला संज्ञान में आने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक आदि का वेतन रोका गया। मगर, साठगांठ के चलते कुछ दिन बाद ही वेतन बहाल कर दिया गया। वह भी बिना एमडीएम बने। फिर से मामला उजागर होने पर जिम्मेदार एमडीएम बनने की शुरूआत न कराकर कार्रवाई करने की बात करने लगे हैं।

> किसी के चार्ज न लेने के कारण स्कूल में एमडीएम बनना शुरू नहीं हुआ है। मगर, वेतन रोकने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इससे पहले भी वेतन रोका गया था, लेकिन बहाल कैसे हो गया इसके बारे में जानकारी नहीं है। उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है। –**सुभाष वर्मा,** खंड शिक्षा अधिकारी सदर

# बच्चों ने निकाली रैली, दिया मतदान का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कलक्ट्रेट से शहर की प्रमुख सड़कों पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि अच्छे एवं मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए मतदाता होना और मतदान करना जरूरी है। उन्होंने 13 मई को मतदान जरूर करने के साथ दूसरों को प्रेरित करने की सभी से अपील की। रैली में स्कूली बच्चे और डायट के प्रशिक्षु मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे तख्तियां हाथ में लिए हुए थे। मतदाता जागरूकता रैली में शहर के जीआईसी, जीजीआईसी, पीके इंटर कॉलेज, डीएस कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, डाइट के स्कूली बच्चों एवं प्रशिक्षु शामिल हुए।




मतदाता जागरुकता बाइक पर बैठकर टीम का उत्साह बढ़ाते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

### आकर्षण का केंद्र रहा स्कूली बैंड

प्रशासन की अगुवाई में शहर के मुख्य मार्गों पर निकली मतदाता जागरूकता रैली में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज का स्कूली बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। यह रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई जीआईसी मैदान में समाप्त हुई।

### आइकॉन शिक्षक एसपी सिंह का डीएम ने बढ़ाया उत्साह

डीएम ने परिषदीय शिक्षक एसपी सिंह को मतदाता जागरूकता आइकॉन बनाया है। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने अपनी बाइक पर स्लोगन लिखाए हैं। डीएम ने आईकॉन एसपी सिंह की जागरूकता बाइक पर बैठकर फोटो खिंचवाकर उसका उत्साह भी बढ़ाया।

### पसगवां में निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**पसगवां।** मतदाता जागरूकता, स्कूल चलो और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। रैली में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या, उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सीएचसी प्रभारी डा अशवनी वर्मा और प्रधान प्रतिनिधि राहुल गुप्ता सोनू की उपस्थिति में रैली यूपीएस कन्या से शुरू होकर बीआरसी, उच्च प्राथमिक विद्यालय और विकास खंड तक गई। प्रधानाध्यापक विवेक शर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, संजय नारायण गुप्ता, अस्मिता सिंह, अंजली खरे और रजनी आदि शामिल रहीं।

### पोस्टर के जरिए मतदान के लिए किया जागरूक

**गोला गोकर्णनाथ।** गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पोस्टरों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकतम मतदान होने पर अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुना जा सकता है, जिनके माध्यम से देश का सतत विकास करने वाली सरकार का गठन होता है। रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, आमिर हुसैन, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, दुर्गेश कुमार, पुष्पेंद्र नाथ शुक्ल, श्रीश गुप्ता, संजय त्रिपाठी, बराती लाल, साबिर अली आदि मौजूद रहे।

# गोला कॉरिडोर के शीघ्र निर्माण की जगी आस

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** छोटी काशी गोला कॉरिडोर के निर्माण हेतु लखनऊ से आए हुए आर्किटेक्ट और पर्यटन विभाग के अधिकारियों की टीम ने विधायक अमन गिरि के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। कॉरिडोर निर्माण के लिए 69.14 करोड़ की धनराशि पहले ही स्वीकृत हो चुकी है। इससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीदें जगी हैं।

कारीडोर निर्माण में सिनेमा चौराहे के पास अंगद धर्मशाला के निकट मुख्य गेट बनाया जाएगा। रोड इतनी चौड़ी होगी कि मुख्य गेट से ही शिव मंदिर दिखाई देने लगेगा। कॉरिडोर निर्माण प्रारंभ कराने के लिए विधायक अमन गिरि की मौजूदगी में बुधवार को दोपहर नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला, छाया, जेई सौरभ, सर्वेयर भानुप्रताप, यूपीपीसीएल के संदीप वर्मा, पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित चौधरी, जेई राकेश वर्मा ने कारीडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक अमन गिरि ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण के लिए अधिकृत टीम के अंतिम सर्वे, निरीक्षण करने से कॉरिडोर निर्माण शीघ्र प्रारंभ होने की उम्मीदें हैं।

सर्वेयर टीम ने बताया कि कॉरिडोर के लिए पांच बड़े गेट बनाए जाएंगे। मुख्य गेट मंदिर की पूरब दिशा में अंगद धर्मशाला के पास रहेगा। अंगद धर्मशाला और जिला पंचायत की जमीन को अधिगृहीत कर चौड़ा रास्ता बनाया जाएगा। दूसरा गेट रेलवे स्टेशन के सामने होगा, तीसरा गेट पीलीभीत धर्मशाला के पास, चौथा गेट अंबेडकर चौराहे से जाने वाली रोड से बनाया जाएगा। मंदिर गेट एवं गलियों के लिए पास किए गए नक्शे के अनुसार भूमि चिन्हित की और कॉरिडोर के भव्य एवं ऐतिहासिक निर्माण की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि, केके शुक्ल, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सभासद भोली गिरि, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता आदि रामनरेश तिवारी, विनोद गिरि आदि मौजूद रहे।



गोला कारीडोर विधायक अमन गिरि संग सर्वे करते पर्यटन विभाग के अधिकारी।

- पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने किया सर्वे, 69.14 करोड़ रुपये हो चुके हैं स्वीकृत

## विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कृषक समाज इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने नगर की सड़कां पर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को हर हाल में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कालेज प्रधानाचार्य एपी सरोज ने की। तहसीलदार सुखवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, आदि नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान की अपील की। कॉलेज के संयुक्त मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, पीटीआई सरोज कुमार वर्मा, सुमित यादव, मनीषा भारती, संजय राज प्रदीप कुमार का योगदान रहा।

# पूजन के साथ चैती मेला कार्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के कार्यालय का विधि विधान से पूजन कर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शुभारंभ किया। पूजन आचार्य लवकुश शास्त्री ने किया।

उन्होंने कार्यवाहक ईओ/उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा और सभासदों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर अधूरे काम को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। हर साल मेले में बड़ी संख्या में दूर दराज से लोग आते हैं। नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, सभासद आशीष अवस्थी, राजेश अवस्थी, हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा, साहिद, सुशील कुमार, इजरान, हर्ष अवस्थी, रज्जन खां, मोहित कनौजिया, कफील, रियाजुद्दीन, सुफियान खान, मेला प्रभारी मोहित गिरि, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वैभव त्रिपाठी, विजय मिश्रा, जीतू वर्मा, विमलेश वर्मा, रवि, टीटू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

- मेला क्षेत्र में अधूरे काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

## दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का हुआ पूजन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी का विधि विधान से पूजन किया। शहर के संकटा देवी, बंकटा देवी, भुइयां माता सहित शीतला देवी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना जाना लगा रहा। भक्तों ने विधि विधान से मां ब्रह्मचारिणी को रोली, चंदन, अक्षत और लाल फूल अर्पित कर मिश्री, दूध और पंचामृत का भोग लगाया। पुजारी कमल मिश्रा ने बताया कि मां ब्रह्मचारिणी का पूजा करने से साधक को यम, नियम के बंधन से मुक्ति मिलती है। पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए देवी भगवती ने तपस्या की थी, इसलिए इनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा।

## एक नजर

### आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर में अलंकरण समारोह 13 को

गोला गोकर्णनाथ। लक्ष्मीनगर कॉलोनी स्थित आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर में छात्र अलंकरण समारोह और अतिथि सम्मान समारोह 13 अप्रैल शनिवार को सुबह आठ बजे से होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने बताया कि सांसद प्रतिनिधि मुन्नालाल अवस्थी की अध्यक्षता में होने वाले समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल होंगीं।

### नवरात्र में करेंगे आदित्य नामांकन : शिवपाल

बदायूं, एजेंसी : सपा राष्ट्रीय महासचिव और बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के घोषित उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि जनता की मांग पर उनके बेटे आदित्य यादव उनकी जगह यहां से सपा के उम्मीदवार होंगे। सपा महासचिव ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की मांग पर आदित्य यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे और नवरात्र में ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, पहले मुझे ही उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन युवाओं की मांग पर आदित्य चुनाव लड़ेंगे और वह नवरात्र में नामांकन दाखिल करेंगे।" बदायूं में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होना है, जिसके लिए 12 अप्रैल से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। नौ अप्रैल से शुरू हुए नवरात्रि 17 अप्रैल को समाप्त होंगे।

# बैंकों के पास पार्किंग नहीं, सड़कों पर खड़े होते हैं वाहन


## सड़क से लेकर फुटपाथ तक बाइकें और साइकिलें खड़ी होने से अक्सर लगता है जाम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर की अधिकांश बैंकों में पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़क से लेकर फुटपाथ तक ग्राहकों की साइकिलें और बाइकें खड़ी रहती हैं, इससे सड़कें संकीर्ण हो जाती हैं। जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों को दिक्कतें होती हैं।

मोहम्मदी रोड पर पंजाब नेशनल बैंक, अर्बन कोआपरेटिव बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक, खुटार रोड पर यूको बैंक, अलीगंज रोड पर आर्यावर्त बैंक और गोला सीमा के बाहर यूनियन बैंक है। सबसे ज्यादा बैंक लखीमपुर रोड पर हैं। अशोक चौराहा से चंद कदम चलने पर एचडीएफसी, बैंक आफ बड़ौदा, बैंक आफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक, एक्सिस बैंक की शाखाएं हैं। इनके पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे खाताधारकों की बाइक और साइकिलें सड़क से लेकर फुटपाथ तक खड़ी रहती हैं।

प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सड़क किनारे पार्किंग गलत है। बैंक प्रबंधक और व्यापारी सड़क किनारे वाहन न खड़े होने दें। जल्द ही अभियान चलाकर वाहन स्वामियों और पार्किंग न बनवाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



बैंक के बाहर खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार



गली में खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार

### आईसीआईसीआई बैंक के बाहर रोड पर खड़े होते हैं वाहन

मोहम्मदी रोड पर स्थित प्रथम तल पर आईसीआईसीआई और द्वितीय तल पर अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा हैं। दोनों बैंकों के ग्राहक बैंक आने पर अपनी बाइक, साइकिलें सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। इस रोड पर कई विद्यालय होने के कारण स्कूलों में छुट्टी के समय जाम के हालात बन जाते हैं।

### गली में बाइकें खड़ी होने से पैदल निकलना मुश्किल

मोहम्मदी रोड पर ही पंजाब नेशनल बैंक के बाहर जगह नहीं है। अधिक खाताधारकों के आने पर लोग अपनी बाइकें लोहिया गली में खड़ी कर देते हैं। दोनों तरफ बाइकें खड़ी होने से इतना भी रास्ता नहीं बचता कि पैदल भी आसानी से निकल सकें। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### नपा जारी करे नोटिस

सामाजिक कार्यकर्ता महेश कुमार पटवारी कहते हैं कि भवन स्वामियों ने जब अपने बड़े-बड़े भवन मोटे किराए पर बैंकों को दे रखे हैं तो फिर वह नगर पालिका को पार्किंग शुल्क क्यों नहीं देते। नगर पालिका बैंकों को पार्किंग शुल्क अदा करने के लिए नोटिस जारी नहीं करती है। यही वजह है कि वाहन सड़क तक खड़े होते हैं। फुटपाथ तो नागरिकों के पैदल चलने के लिए है जिस पर बैंकों ने पार्किंग के नाम पर अवैध कब्जा बना रखा है, जिसे जनहित में हटाया जाना जरूरी है।

### होती है कहासुनी

युवा व्यापारी आयुष त्रिपाठी ने बताया कि उनकी दुकान इंडियन बैंक के निकट है। लोग अपने दो और चार पहिया वाहन बैंक के सामने से लेकर रोड के किनारे और अन्य दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं। जिसके चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और कई बार वाहन पार्क करने को लेकर कहासुनी की नौबत आ जाती है। यहां पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

### आमने-सामने तीन बैंकें, पार्किंग नहीं

सुनील अग्निहोत्री ने बताया कि मोहम्मदी रोड पर तीन बैंक आमने-सामने हैं, जहां रोज खाताधारक आते हैं, जो अपने दो पहिया वाहन बैंक के सामने बेतरतीब पार्क कर देते है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था तो बिगड़ती ही है। साथ ही लोगों को दिक्कत होती। बैंक प्रबंधक को पार्किंग की समुचित व्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

### जाम में होती है परेशानी

लक्ष्मीनगर कालोनी निवासी प्रेमकिशोर मिश्र कहते हैं कि किसी भी बैंक में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में खाता धारकों के साथ राहगीर और वाहन चालकों को परेशानी होती है। लोग अपने वाहन बैंक के सामने फुटपाथ पर पार्क कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। त्योहार पर दिनभर प्रमुख सड़कों पर जाम लगी रहती है।

### बैंक में जाना होता है मुश्किल

एडवोकेट प्रेमप्रकाश शुक्ला का कहना है कि पंजाब नेशनल बैंक में ग्राहकों की मुख्य समस्या पार्किंग की है। बाहर खड़े वाहनों के कारण बैंक के अन्दर जाना अत्यन्त कठिन होता है। विशेषकर महिलाओं को, इसके साथ ही बैंक के पास वाली गली में भी निकलना मुश्किल होता है।



जिला सहकारी बैंक के बाहर लगे फलों के ठेला। ● अमृत विचार

### जिला सहकारी बैंक के बाहर लगे हैं खोखे

अशोक चौराहा पर जिला सहकारी बैंक के पास अपनी पार्किंग व्यवस्था है। लेकिन सामने फल के खोखे सड़क तक लगने से लोगों को बैंक तक दिखाई नहीं देती। साथ ही खाताधारकों को वाहन खड़े करने में दुश्वारियां होती हैं। बैंक प्रबंधक संजय पाठक ने बताया कि खोखे हटाने के लिए उन्होंने अप्रयास कर नगर पालिका को भी पत्र दिया, लेकिन खोखे नहीं हट सके।



लखीमपुर रोड एचडीएफसी बैंक के बाहर सड़क तक खड़ीं बाइकें। ● अमृत विचार

### एचडीएफसी के ग्राहक घेर लेते हैं आधी सड़क

अशोक चौराहा से चंद कदम चलने पर लखीमपुर रोड पर एचडीएफसी बैंक में आने वाले ग्राहक आधी सड़क पर अपने वाहन खड़े कर देते हैं। सामने पब्लिक इंटर कालेज होने पर वाहनों की अधिकता होने पर बाउंड्री के बाहर बाइकें खड़ी होती हैं। कॉलेज प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी ने गेट के निकट ग्राहकों के वाहन खड़े होने पर आपत्ति भी जताई, लेकिन बैंक ने पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की, जिससे छुट्टी के समय विद्यार्थियों को निकलने में दिक्कत होती है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अतिक्रमण का अड़ंगा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मच्छरजनित बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। मगर, नाले नालियों पर अतिक्रमण साफ सफाई में बाधक बन गया है।

गर्मी शुरू होते ही मच्छरों ने जीना दुश्वार कर दिया। लोग डेंगू और मलेरिया की चपेट में आने लगे हैं। जनवरी से लेकर अब तक बुखार के मरीजों में से दस में मलेरिया और तीन में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। ऐसे में शासन ने मच्छरजनित बीमारियों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी 11 विभागों को सौंपी है। इसमें नगर पालिका का काम शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखकर मच्छरों की बढ़ती तादाद रोंकना है, क्योंकि गंदगी और जलभराव वाली जगहों पर ही मच्छर पनपते हैं। ऐसे में पालिका प्रशासन ने नाले नालियों की साफ सफाई शुरू कर दी है। मगर, अतिक्रमण बाधक बन रहा है। नालों पर मकान और दुकान होने से पालिका कर्मियों को इनकी सफाई करते नहीं बनता। ऐसे में चोक नाले मलेरिया बुखार फैलाने वाले मच्छरों की मुफीद बन रहे हैं।



मोहल्ला संकटा देवी सब्जी मंडी रोड के नाले पर बनी दुकान।



नाले पर बनी नगर पालिका की दुकानें।

### शहर के संवेदनशील मोहल्ले

मलेरिया विभाग ने शहर के मोहल्ला घोसियाना, नौरंगाबाद, रामनगर, ईदगाह, सुआगाढ़ा, अर्जुनपुरवा, महराजनगर, गोविंदनगर, प्यारेपुर, कनौजिया कॉलोनी, गंगोत्रीनगर, अयोध्यापुरी, नई बस्ती, गोटैयाबाग, मिश्राना, शास्त्रीनगर, शिवपुरी, हाथीपुर, मेलामैदान, हिदायतनगर, शिव कॉलोनी।

### अतिक्रमण के कारण नहीं हो पाती सफाई

सफाईकर्मी बताते हैं कि नाले नालियों पर दुकान से लेकर मकान बने हैं। कुछ लोगों ने तो नालियों को पूरी तरह से बंद कर दिया है। ऐसे में इनकी सफाई कर पाना संभव नहीं है। मकान व नालियों के बीच इतनी सी भी जगह नहीं है कि उसमें हम स्वयं घुस सकें या फिर फावड़ा आदि डालकर मलबा निकाल सकें। वहीं सफाई के लिए पहुंचने पर दुकानदार भी आपत्ति जताते हैं। ऐसा कोई मोहल्ला नहीं है जिसमें इस तरह के हालात न हो।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम को चोक मिले नाले

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पालिका की ओर से कराई जा रही साफ सफाई की हकीकत जानने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गत दिवस संकटा देवी मोहल्ला का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकतर नालियों में जलभराव व गंदगी मिली। एपडेमियोलॉजिस्ट डॉ. पूनम सिंह ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से नाले नालियों की सफाई न होने से वह चोक हैं।

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित



स्मृति अग्रवाल - चार्टर्ड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी, प्रावार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

### कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली।

पत्राक सं.-747/टीआर/यू.पी.-25 डीटी 1354/2024 बरेली, दिनांक 09 अप्रैल 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

मैसर्स आर्यन एक्सप्रेस कारगो, 100, अभयपुर केशवपुर, भोजीपुरा, बरेली के नाम पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 25 डीटी 1354 ट्रक को वाहन के फाइनेन्सर टाटा मोटर्स फाईनेन्स कम्पनी लि., बरेली द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 220/2024 दिनांक 31.01.2024, पत्र संख्या 452/2024 दिनांक 26.02.2024 एवं पत्र संख्या 569/2024 दिनांक 15.03.2024 द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये। किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है।

अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही अमल में लाते हुये फ्रेश पंजीयन प्रमाण-पत्र वित्त पोषक के पक्ष में निर्गत कर दिया जायेगा जिसके लिये वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बरेली।**

### कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली।

पत्राक सं.-746/टीआर/यू.पी.-25 डीटी 1354/2024 बरेली, दिनांक 09 अप्रैल 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री रविन्द्र कुमार सक्सेना पुत्र श्री दानवीर सक्सेना नि. नगरिया परीक्षित, कंजादासपुर रोड, जिला-बरेली के नाम पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 25 डीटी 5020 ट्रक को वाहन के फाइनेन्सर टाटा मोटर्स फाईनेन्स कम्पनी लि., बरेली द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61 (2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 539/2024 दिनांक 12.03.2024 एवं पत्र संख्या 657/2024 दिनांक 27.03.2024 द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये। किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है।

अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नही करता है तो मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही अमल में लाते हुये फ्रेश पंजीयन प्रमाण-पत्र वित्त पोषक के पक्ष में निर्गत कर दिया जायेगा जिसके लिये वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बरेली।**

### क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स

193 ए, सिविल लाइन्स, बरेली

पत्रांक : /सो.पंजी./बरेली दिनांक : 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था के द्वारा आश्रम आध्यात्मिक समिति, पता-ग्राम इग्घरा मोड़ क्रैच जिला पीलीभीत के पंजीकरण हेतु दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री पूरनलाल ने व्यवस्थापक की हैसियत से ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क, स्मृति पत्र, नियमावली, फोटो युक्त शपथ पत्र इत्यादि सो.रजि. अधि. 1860 के स्मृति पत्र के क्रमांक 5 में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं :-

| क्र.सं. | नाम/पिता का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | लोकेश कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र देव | अध्यक्ष |
| 2. | राम बहादुर गंगवार पुत्र श्री लालाराम | उपाध्यक्ष |
| 3. | धीरज राठौर पुत्र श्री सेवा राम राठौर | उपाध्यक्ष |
| 4. | दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री पूरनलाल | व्यवस्थापक |
| 5. | मनोज कुमार पुत्र श्री गया प्रसाद | महामंत्री |
| 6. | मेवाराम पुत्र श्री छोटे लाल | कोषाध्यक्ष |
| 7. | अशोक कुमार पुत्र श्री झांझन लाल | संगठन मंत्री |
| 8. | विजेन्द्र कुमार पुत्र श्री महीपाल | सदस्य |
| 9. | अनरोज कुमार पुत्र श्री नोनी राम | कोषाध्यक्ष |
| 10. | रितिक राठौर पुत्र श्री निरंजन लाल | संगठन मंत्री |
| 11. | धरमवीर पुत्र श्री हेतराम | सदस्य |

उपरोक्त समिति के पंजीकरण किये जाने है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति स्वयं के फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र या दस्तावेज साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. 1860 की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

### मुस्लिम समाज के कई लोग भाजपा में शामिल



भाजपा जिला मंत्री मुन्ना खां, सांसद रेखा वर्मा व अन्य।

**कुकरा, अमृत विचार:** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री इखलाक खान उर्फ मुन्ना खान के नेतृत्व में धौरहरा लोक सभा की विधान सभा मोहम्मदी के मूड़ा निजाम प्रधान जहीर खान, कोटेदार कबीर खान, प्रधान लौकी खेड़ा सरफराज खान, प्रधान मुड़ा रामनिवास, प्रधान वसीम खान, प्रधान चठिया समीम खान आदि अन्य दलों के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ लोगों को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इखलाक खान ने कौमी एकता को मजबूत करने के लिए राष्ट्र हित में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जाति, धर्म, विशेष समुदाय से ऊपर उठकर आवास, शौचालय, बिजली, मुफ्त इलाज व अन्य योजनाएं चलाई हैं।

### सीस पगा न झगा तन में प्रभु, जानै को आहि बसे केहि ग्रामा

गोला गोकर्णनाथ। ग्राम परेली में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास डॉ रोहितानंद महाराज ने सुदामा का प्रसंग सुनाते हुए कहा सुदामा की पत्नी सुशीला ने अपने पति से श्रीकृष्ण के पास धन लेने के लिए जाने की जिद कर कहती है- द्वारिका के गये हरि दारिद रहेंगे पिय, द्वारिका के नाथ वै अनाथन के नाथ हैं। इस पर सुदामा कहते हैं कि- औरन को धन चाहिए बावरि बांभन को धन केवल भिक्षा। सुदामा श्रीकृष्ण के धाम जाते हैं। वहां द्वारपाल से सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पैर सुदामा से मिलने के लिए दौड़ पड़े। यह प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा आयोजक डॉ कमलेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, उमेश चंद, सर्वेश कुमार, आर्यन, गोबिल, आदर्श, ऋषि आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टैंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्‌गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।


## संपादकीय

# सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

# पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्प्शन और एडजॉर्प्शन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है,लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांच्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है,लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैंः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

## प्रसंगवश

# जश्न-ए-ईद

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह,प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे",छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है,उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

# हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं,20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं,14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां,1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं,क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं,जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं,वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए,जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं,जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत,रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत,चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा,लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका,क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति के गुण

पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता,पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण,परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है,जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता,पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है,किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो,पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार,आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं,कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना,उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है,लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं,लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय,छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का,तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम,मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है,लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित,छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज,विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें,पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है,वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

# उत्तराखंड कला जगत को आघात



प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझे आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

## दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

### दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

**मेरठ**

| | |
|---|---|
| भाजपा | अरुण गोविल |
| सपा | सुनीता वर्मा |
| बसपा | देवव्रत त्यागी |

**बागपत**

| | |
|---|---|
| सपा | मनोज चौधरी |
| रालोद | राजकुमार सांगवान |
| बसपा | प्रवीण बैसला |

**गाजियाबाद**

| | |
|---|---|
| भाजपा | अतुल गर्ग |
| कांग्रेस | डॉली शर्मा |

**गौतमबुद्ध नगर**

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा |
| सपा | डॉ. महेंद्र सिंह नागर |
| बसपा | राजेंद्र सिंह सोलंकी |

**मथुरा**

| | |
|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी |
| कांग्रेस | मुकेश धनगर |
| बसपा | सुरेश सिंह |

**अलीगढ़**

| | |
|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम |
| सपा | चौधरी बिजेंद्र सिंह |
| बसपा | हितेंद्र कुमार बंटी |

**बुलंदशहर**

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह |
| कांग्रेस | शिवराम वाल्मीकि |
| बसपा | गिरीश चंद |

**अमरोहा**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस | कुंवर दानिश अली |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर |
| बसपा | मुजाहिद हुसैन |

### अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

### मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- १०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष



### अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

### बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत


- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

### मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

### गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।




## पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

### भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

## मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार।** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।




**जीत को भरी हुंकार**

बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

### बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

**भोपाल।** बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

**सियासत** | मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

## भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुई सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।



बसपा प्रमुख मायावती।

### नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

### बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

### रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

## चुनावी गतिविधियां

- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रहीं है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

## पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।




## लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

### मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।



भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

### जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।



जंग हिंदुस्तानी
सामाजिक कार्यकर्ता

### खतरे के चलते नहीं जाते हैं मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

### मशक्कत

- मतदान करने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

## एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

### राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट तेज

आरपी सिंह प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।



### 2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।



- सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद
- भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा

"हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है, जल्द ही घोषणा की जाएगी।
–विनोद सरोज, विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

### राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा


- बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।


## आईना : बहराइच लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| अक्षयबर लाल | 5,25,982 |
| शब्बीर अहमद | 3,97,230 |
| सवित्री बाई फुले | 34,454 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | सवित्री बाई फुले | 4,32,392 |
| सपा | शब्बीर अहमद | 3,36,747 |
| बसपा | डॉ.विजय कुमार | 96,904 |
| कांग्रेस | कमल किशोर | 24,421 |

बहराइच के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रफी अहमद किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | जोगेंद्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कुँवर राम सिंह | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | केके नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | बदलू राम शुक्ला | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | ओम प्रकाश त्यागी | जनता पार्टी |
| 1980 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | आरिफ मोहम्मद खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | आरिफ मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | रूद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | आरिफ मोहम्मद खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 1999 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | बाब सईदा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कमल किशोर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | सवित्री बाई फुले | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अक्षयबर लाल | भारतीय जनता पार्टी |

2019 नोटा
13,189

2014 नोटा
13,498

### 2009 चुनाव के आंकड़े




## पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।



## निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

- अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र
- चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचारः** जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।


अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।

यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।




### आंकड़ों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| लोकसभा क्षेत्र | 54, अयोध्या |
| वि.स. क्षेत्र | दरियाबाद, बाराबंकी |
| मतदान केंद्र | 295 |
| मतदेय स्थल | 458 |
| जोन | 03 |
| सेक्टर | 31 |
| मतदान तिथि | 20 मई |




## कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

- राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन
- तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान

**अमृत विचार :** इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।

यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

### राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम



कुंवर आनंद सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा



बेनी प्रसाद वर्मा

### बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।



## अगले 1000 वर्ष तक सुरक्षा बने रहने के लिए 3 चरणों में होगा निर्माण, मंदिरों में भी लगेंगे राजस्थानी पत्थर

# जन्मभूमि परिसर में शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप की भरी गई नींव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर की तर्ज पर भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप का भी निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण इसलिए किया जा रहा है कि श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा अगले एक हजार वर्ष तक बनी रहे।

इन मंदिरों का निर्माण भी तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सीमेंट, मोरंग और कंक्रीट से नींव को तैयार किया जा रहा है, जिस पर बलुआ पत्थर को लगाकर प्लिंथ को तैयार किया जाएगा। फिर राजस्थान के पत्थरों से मंदिर के स्ट्रक्चर को खड़ा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर को पूर्ण करने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही परकोटा और उसमें बनने वाले 6 देवी देवताओं के मंदिर का भी निर्माण किया जा रहा है। अब मंदिर परिसर में राम मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर शेषवतार, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि, अगस्त्य, निषाद राज, अहिल्या का भी मंदिर बन रहा है। निर्माण कार्य के लिए आर्किटेक्ट आशीष सोनपुर उनकी टीम ने राम मंदिर से मिलता जुलता मॉडल को तैयार किया है। यह मंदिर परिसर और भव्य बनाएगा।



अयोध्या में सीमेंट, मोरंग व कंक्रीट से तैयार की गई नींव। ● अमृत विचार

### अब बदलेगा रामपथ का लुक, दिखने लगेंगे फूल

एंट्री प्वाइंट से कुछ किमी दूर तक रामपथ का लुक जल्दी बदला दिखेगा। बोगेन बेलिया की हरियाली होगी। तरह-तरह के फूल लहराते दिखेंगे। डिवाइडर के बीच लगी फूल-पत्तियां अब आकर्षित करने लगी हैं। राम पथ के एंट्री प्वाइंट से पोस्ट आफिस चौराहे तक रामपथ चौड़ा है। इसके बीच चौड़ा डिवाइडर बनाया गया है। इसके बीच बोगेन बेलिया के पौधे लगाए गए हैं। इनमें कई प्रजाति के हैं। हरियाली के बीच इनमें तरह-तरह के फूल खिलने लगे हैं। लाल, पीले, सफेद के साथ कई अन्य तरह के फूल दिखने लगे हैं। इतने हिस्से पर फोकस ज्यादा है। कलेक्ट्रेट, कचहरी के साथ अधिकारियों के बंगले इसी मार्ग पर है। वीआईपी की आमद इसी मार्ग से होती है। अब बोगेन बेलिया में हरियाली आ गई है। फूल लहराने लगे हैं।

**दो हजार वर्कर निर्माण कार्य में लगे:** श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम, द्वितीय तल और अन्य मंदिरों के कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसी योजना एलएंडटी ने तैयार की है, जिसके लिए बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए लगभग 2000 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा परिसर में प्रारंभ होने वाले अन्य निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। जिससे काम जल्द ही पूरा हो जाए।

## यादव सिंह के आय से अधिक संपत्ति के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) और 13(2) तथा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे का सामना कर रहे नोएडा प्राधिकरण के पूर्व इंजीनियर यादव सिंह के मामले में लंबी सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। अभियुक्त पर आरोप है कि लोक सेवक के रूप में अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर नियमों और विनियमों का घोर उल्लंघन किया है।

## सार-संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के दिन हाईकोर्ट में अवकाश घोषित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन अवकाश घोषित किया गया है। हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती की ओर से जारी सूचना के अनुसार नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए 20 मई (सोमवार) को लखनऊ खंडपीठ और 25 मई (शनिवार) को इलाहाबाद हाईकोर्ट (प्रधान पीठ) में अवकाश घोषित किया गया है।

### हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों के किए स्थानांतरण

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को एक अधिसूचना के माध्यम से कुछ न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण की पुष्टि की है। स्थानांतरित अधिकारियों में संजीव पांडेय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बागपत को जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी, संजय कुमार मलिक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ नगर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बागपत, विरजेंद्र कुमार सिंह पीठासीन अधिकारी भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण बस्ती को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थनगर, चंद्रोदय कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश ललितपुर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश कन्नौज, रविंद्र विक्रम सिंह पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय झांसी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनभद्र स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा कार्यालय ज्ञापन द्वारा साकेत बिहारी 'दीपक' जिला एवं सत्र न्यायाधीश भदोही (ज्ञानपुर) को स्पेशल ऑफिसर विजिलेंस हाईकोर्ट इलाहाबाद में, दिवेश चंद्र सामंत स्पेशल ऑफिसर विजिलेंस हाईकोर्ट इलाहाबाद को निर्देशक न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ, दुर्ग नारायण सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बाराबंकी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश भदोही (ज्ञानपुर), वीरेंद्र कुमार पांडेय पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय लखनऊ को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलिया, राम प्रकाश पांडेय पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेमस ट्रिब्यूनल सिद्धार्थनगर को पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय लखनऊ और कुमारी आराधना रानी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बस्ती में स्थानांतरित किए जाने की सूचना दी गई है। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के महानिबंधक राजीव भारती ने जारी की है।

### बलरामपुर की बेटी रागिनी बनीं मिसेज उत्तर प्रदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर की बेटी रागिनी सोनी ने मिसेज उत्तर प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया। उसने बताया कि बचपन से मेरा सपना मिस इंडिया बनने का था लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने की वजह से मैं वहां तक नहीं पहुंच सकी। एक समय ऐसा लगा शायद मेरा यह सपना एक सपना ही रह जायेगा। फिर बीते वर्ष मेरी शादी हो गई और इस कॉन्टेस्ट के बारे में मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि मिस इंडिया की तर्ज पर आप मिसेज उत्तर प्रदेश बन सकती हैं और अपने सपनों को सच कर सकती हैं। फिर मैंने डा. आकांक्षा गोगना द्वारा आयोजित मिसेज उत्तर प्रदेश क्वींस आफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद मुझे इसमें सफलता मिली। इस कॉन्टेस्ट को जीतने के बाद मैं रुकने वाली नहीं, अब मैं मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट और मिसेज वर्ल्ड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लूंगी और अपने जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करूंगी।

### भाजपा और बसपा छोड़ सपा में शामिल

**लखनऊ : अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए अंबेडकरनगर की जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक सुभाष राय भाजपा छोड़कर और जलालपुर से ही विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे राजेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बुधवार को पार्टी में शामिल हो गए। साथ में रामपुर के निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल भी भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत किया।

# कुछ ने रोजे रखे तो कई ने मनाई ईद

## धर्मगुरु के बयान से रही ऊहापोह, ईद आज व नमाज का समय घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मंगलवार को देर रात में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास द्वारा बुधवार को ईद-उल-फितर का ऐलान किया गया। इसके एक घंटे बाद ही शिया धर्मगुरू मौलाना कल्बे जवाद द्वारा ईद-उल-फितर 11 अप्रैल को मनाये जाने की घोषणा के बाद शिया मुसलमानों में ऊहापोह की स्थिति बन गई। इसका नतीजा यह हुआ कि बुधवार को कुछ लोगों ने ईद मनाई और कुछ ने रोजा भी रखा। अब गुरुवार 11 अप्रैल पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई जायेगी। राजधानी की विभिन्न मस्जिदों की तरफ से ईद की नमाज का समय घोषित कर दिया गया है।

मंगलवार की देर रात शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास की तरफ से बुधवार को ईद मनाये जाने के एलान के बाद बनी स्थितियों की वजह से इतिहास में यह पहला मौका है कि तहसीनगंज स्थित जमा मस्जिद में बुधवार को नमाजी ज्यादा होने की वजह से दो बार नमाज अदा कराई गई। सुबह 10 बजे ईद-उल-फितर की पहली नमाज मौलाना सैफ अब्बास ने पढ़ाई और दोपहर 12 बजे दूसरी नमाज मौलाना शमीम ने अदा कराई। गुरुवार 11 अप्रैल को जब अन्य मुसलमान ईद मनाएंगे और नमाज पढ़ेंगे तब सुबह 10 बजे मौलाना आरिफ रिजवी नमाज अदा कराएंगे।

मौलाना शाहकार जैदी ने मंगलवार की रात ईद को लेकर शुरू हुई बयानबाजी के बाद लखनऊ से लेकर ईरान तक से संपर्क साधा और सुबह चार बजे तक यह पता करने की कोशिश करते रहे कि ईद आज मनाई गई या नहीं।

### बहुत याद आए मौलाना डॉ. कल्बे सादिक



ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना डॉ. कल्बे सादिक एक महीना पहले ही ईद की तारीख का ऐलान कर देते थे। उनकी बताई तारीख को ईद होती थी। उनके निधन के बाद से उनके पुत्र मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन भी ईद की तारीख बता देते हैं। इस बार भी उन्होंने 11 अप्रैल को ईद होने की बात कही थी। लेकिन कल देर रात जब बयानबाजी का सिलसिला शुरू हुआ तो डॉ. कल्बे सिब्तैन ने भी 10 अप्रैल को ही ईद मनाने का ऐलान कर दिया। जबकि उनके चचेरे बड़े भाई मौलाना कल्बे जवाद 11 अप्रैल को ईद होने का ऐलान कर चुके थे। मंगलवार की रात को 10 अप्रैल की ईद का ऐलान करने वाले डॉ. कल्बे सिब्तैन ने 10 अप्रैल की सुबह सोशल मीडिया पर लिखा कि आज डॉ. कल्बे सादिक मरहूम की कमी महसूस हो रही है। वह अकेले आलिम थे जो एक महीना पहले ही ईद का ऐलान कर देते थे। खुदा हमें फिर से कल्बे सादिक जैसा रहनुमा अता करें।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में परिवाद खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है। बुधवार को परिवादी की तरफ से तलबी बहस होना था। परिवादी व उसके दो गवाहो का साक्ष्य कोर्ट में दर्ज हो चुका था। अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

# पीएमटी पास कर पीजीआई में लिया प्रवेश, वहीं बना साजिशकर्ता

● सॉल्वर रवि अत्री ने हरियाणा पीएमटी की परीक्षा उत्तीर्ण करते समय भी पर्चा आउट कराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक कराने वाला मुख्य साजिशकर्ता रवि अत्री ने वर्ष 2006 में श्रीराम इंटर कॉलेज थोरा, जनपद गौतमबुद्धनगर से इंटर की परीक्षा पास की थी। वर्ष 2007 में एलन कोचिंग सेंटर, कोटा, राजस्थान में मेडिकल की तैयारी करने के लिए गया और वहीं पर परीक्षा माफियाओं के संपर्क में आया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लगा। वर्ष 2012 में हरियाणा पीएमटी की परीक्षा पास करने के बाद रवि का पीजीआई एमएस, रोहतक में एडमिशन हो गया। वर्ष 2018 में तृतीय वर्ष पास किया तथा चौथे वर्ष की परीक्षा नहीं दी।

रवि अत्री 2012 में नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक मामले में दरियागंज क्राईम ब्रान्च दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2012 में ही एसबीआइ की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2015 में एआईपीएमटी का पेपर आउट कराने में थाना पीजीआईएमएस, रोहतक से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

### यहां से हुई प्रश्नपत्र लीक की शुरुआत

अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति ने रवि अत्री को बताया था कि वह टीसीआई, गति, ब्लू डाट ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी लगवाता है। रवि अत्री को पता था कि इसी प्रकार की ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पेपर आता है और इसे इस प्रकार के व्यक्ति की आवश्यकता थी तो इसने उससे दोस्ती कर ली और आपस में मुलाकात व बात होने लगी। रवि अत्री ने अंकित मिश्रा से कहा कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा के पेपर आते-जाते हैं। अंकित को परीक्षा का पेपर आने की सूचना से अवगत कराने व इसकी एवज में काफी धन देने की बात कही थी।

# मथुरा में कुट्टू के आटे की पकौड़ी खाने से कई लोग हुए बीमार

मथुरा, एजेंसी :

मथुरा जनपद में नवरात्रि के पहले ही दिन व्रत के दौरान कुट्टू के आटे की पकौड़ी एवं पूड़ी खाने पर लगभग तीन दर्जन लोग बीमार हो गए। सभी लोगों को बीमारी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन ने दी।

जिले में कई स्थानों पर कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाकर व्रती लोग बीमार हो गए। उन्हें उल्टी, मिचली, उबकाई एवं दस्त होने लगी। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इनकी संख्या लगभग तीन दर्जन तक बताई जा रही है, जो ज्यादा भी हो सकती है। मंगलवार से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो गया। इस दौरान व्रत रखने वाले लोग कुट्टू के आटे से बनी पूड़ी-पकौड़ी आदि खाकर व्रत तोड़ते हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने भर्ती मरीजों का निरीक्षण करने के बाद बताया कि इनमें से कुल 14 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने की पुष्टि हुई है।

# अब्बास को जेल में ही पढ़ा दी जाए ईद की नमाज

गाजीपुर, एजेंसी

● मऊ सदर से विधायक के बड़े पिता अफजाल अंसारी ने प्रशासन से की मांग




बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी ने बुधवार शाम गाजीपुर के यूसुफपुर मोहम्मदाबाद काली बाग स्थित पैतृक कब्रिस्तान पर पहुंचकर पिता की आत्मा शांति के लिए फातिया पढ़ा। इस दौरान उन्होने अपने पिता मुख्तार अंसारी व दादा-दादी के कब्र पर फूलों की चादर चढ़ाई व मिट्टी भी डाली। अब्बास के बड़े पिता ने बताया कि हमने प्रशासन से मांग की है कि अब्बास को ईद की नमाज जेल में ही पढ़ा दी जाए।

अब्बास अंसारी के बड़े पिता और सांसद अफजाल अंसारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर कस्टडी पैरोल पर गाजीपुर जेल पहुंचे अब्बास अंसारी को शाम को आवास पर लाया गया, जहां उन्होंने परिजनों संग रमजान के आखिरी दिन अफ्तारी किया। उसके बाद शाम को वह कब्रिस्तान पहुंचे और कुरान की तिलावत पढ़ते हुए आत्मा शांति के लिए फ़ातिया पढ़ा। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन भी किया गया है।

# भारत की सीमाएं सुरक्षित, हर भारतीय सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

● चंदौसी में चुनाव प्रचार के दौरान बोले राजनाथ सिंह



**अमृत विचार:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित है, जिससे देश में रहने वाला प्रत्येक भारतीय स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। आज सैनिकों को गोली चलाने के लिए पूछने की आवश्यकता नहीं होती। वह स्थिति को देखकर मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार हैं। रक्षामंत्री यहां सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में देश की सीमा पर तैनात सैनिकों को दुश्मन पर गोली चलाने के लिए इजाजत लेनी पड़ती थी। जिससे सैनिकों का मनोबल कमजोर होता था। दुश्मन इसी का फायदा उठाता था। क्योंकि उसे मालूम था कि भारतीय सैनिक की कार्रवाई में काफी समय लगेगा। मगर अब ऐसा नहीं है। अब देश की सीमाएं हमारे सैनिकों की वजह से सुरक्षित हैं। भाजपा सरकार ने सैनिकों को पूरी छूट दे रखी है। इसलिए सैनिक आतंकवादियों का तेजी से सफाया करने में जुटे हैं। हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा है। पड़ोसी देश से आने वाले आतंकवादी घबराने लगे हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद देश में यह महत्वपूर्ण बदलाव आया है।

# अलीगढ़ के होटल में लगी भीषण आग, एक अतिथि की मौत

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार:** शहर के रेलवे स्टेशन के बुधवार की सुबह अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्टेशन के पास स्थित एक होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में कमरे में फंसे एक अतिथि की आग से झुलसकर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं।

सूचना पर काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है और होटल में फंसे अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर होटल रोशनी है। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 4:30 बजे प्रतापगढ़ का संदीप कुमार भी इसी होटल के एक कमरे में आकर रुका। थोड़ी ही देर बाद अचानक शॉर्ट सर्किट से होटल के कमरे में आग लग गई। इस दौरान संदीप गहरी नींद में सो रहे थे। इसके चलते संदीप की आग से झुलसने से मौत हो गई।


## वर्ग पहेली-36

**बाएं से दाएं**

1. 1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।
5. 1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] -में फंसना : मुसीबत में पड़ना।
7. 1. झील
8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।
9. 1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्गा।
3. 1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।
4. 1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।
5. 1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।
6. 1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।
8. 1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



### वर्ग पहेली -35 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पि | टा | ना | ■ | 2 सा | नु | 3 ज |
| सा | ■ | ■ | 4 त | न | ■ | ल |
| न | ■ | 5 ढी | ल | ना | ■ | म |
| ■ | 6 च | ■ | बा | ■ | ■ | य |
| ■ | 7 म | च | ना | ■ | 8 वे | ■ |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | दि | ■ |
| 9 सु | ख | दा | ता | ■ | 10 का | ज़ी |

## सुडोकू-115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

### सुडोकू -114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष:** आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

**वृष:** आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

**कर्क:** आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

**सिंह:** आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**कन्या:** आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

**तुला:** आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक:** आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।


**धनु:** आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

**मकर:** आज अपने खर्चो पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

**कुंभ:** आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

**मीन:** आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 12 अप्रैल 01.38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नजर के सामने — सुबह : 10.53
- धड़कन — रात : 07.00

&pictures
- पुलिसगिरी — सुबह : 11.19
- जनहित में जारी — रात : 08.00

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 10.53
- स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बीवी हो तो ऐसी — सुबह : 10.45
- कंजूस मक्खी चूस — रात : 08.05

StarGold SELECT
- मोना डार्लिंग — सुबह : 10.30
- ए थर्सडे — शाम : 06.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1880, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1675, राग गोल्ड 1700, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1745, स्वास्तिक 1850 ।किराना– हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 ।चावल – ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500 ।चीनी – डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970 (नयी), बहेड़ी 3980 नयी।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 1010, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 890

रामपुर : शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 55000–55200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,300 |
| चांदी (999) | 81,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 800 (अनुमानित ) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

## हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

# बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर बढ़ती रूचि से हो रहा लाभ

## संरा की रिपोर्ट में वित्तपोषण 4,200 अरब डॉलर तक जाने की बात

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है और इससे देश को फायदा हो रहा है। ये कंपनियां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र की सतत विकास वित्तपोषण रिपोर्ट 2024 विकास के लिए वित्तपोषण एक चौराहे पर (एफएसडीआर 2024)' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए जरूरी वित्तपोषण अंतर को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि जुटाने को लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण का यह अंतर अब सालाना 4,200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी से पहले यह 2,500 अरब डॉलर था। इस बीच, वैश्विक स्तर पर बढ़ते राजनीतिक तनाव, जलवायु आपदाओं और जीवनयापन के स्तर पर वैश्विक संकट ने अरबों लोगों को प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विकास लक्ष्यों के मामले में प्रगति प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर निवेश नरम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है, इसके उलट, दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। भारत को लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती रुचि से देश को लाभ हो रहा है। ये कंपनियां इसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं।

## एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

# मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।


आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

## 'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

**नई दिल्ली/लंदन।** भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।




भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में ईडी और कर अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया है।




# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनखड़ ने 10 नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद के उच्च सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन लोगों को शपथ दिलाई गई उनमें मयंकभाई जयदेवभाई नायक, नारायणसा के. भंडागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपछड़े, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजी लाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं। इन सदस्यों को नये संसद भवन में शपथ दिलाई गई।

### मेवात दोहरा हत्याकांड और सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने राज्य के मेवात क्षेत्र के नूंह जिले में 2016 में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बुधवार को गिरोह के चार सदस्यों को दोषी करार दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोषी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी कुख्यात अपराधी हैं और उनके खिलाफ जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं। अदालत ने कहा कि मामले में सजा 15 अप्रैल को सुनाई जाएगी। सीबीआई के मुताबिक आरोपी 24–25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात पीड़ित के घर में लाठी, डंडों और पिस्तौल जैसे हथियारों के साथ दाखिल हुए। अपराधियों ने घर में मौजूद महिला और नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और गहने तथा नकदी लूटकर फरार हो गए।

### नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भ्री 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

### मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

**मलाप्पुरम (केरल)।** केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू–मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी। एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्धार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक करीब 50 लाख खर्च किए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन होगा।

## प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

# भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

**वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का



तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

## बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करें शरणार्थी : शाह

**बालुरघाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) पर गुमराह करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि शरणार्थियों को बिना किसी शंका के बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करना चाहिए।

बालुरघाट में एक चुनावी रैली में शाह ने भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश और एनआईए अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा ममता दीदी सीएए के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। मैं शरणार्थियों से अनुरोध करता हूं कि वे डरें नहीं, कृपया नागरिकता के लिए आवेदन करें, कोई समस्या नहीं होगी।

### माकपा के पास 80 अघोषित बैंक खाते और 100 अचल संपत्तियां

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी।

## केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन, सचदेवा घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पानी की तेज धार लगने से गिरे भाजपा के दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र, कंधे में लगी चोट सांस लेने में दिक्कत

आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के निकट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा की गई पानी की बौछार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए। दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भाजपा उनके इस्तीफे की मांग कर रही है।

पार्टी नेताओं ने बताया कि सचदेवा को कंधे पर चोट लगने और सांस लेने में दिक्कत



दिल्ली में भाजपा कार्यकताओं को रोकने के लिए की गई पानी की बौछार। ● एजेंसी

की शिकायत के बाद राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आप ने कहा कि अगर भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता हुई है तो यह बेहद निंदनीय है लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि न केवल दिल्ली के नागरिकों का बल्कि पुलिस का भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर से पूरा भरोसा उठ गया है। इससे पहले, आप मुख्यालय की ओर मार्च से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

# शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

**ईटानगर, एजेंसी**

- अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव



अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

### विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

**दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

## खेल डायरी

### सिधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

**निंगबो।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

### आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

**मुंबई।** भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### गुकेश को नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

### नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

### बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

**चांगशा (चीन)।** भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

### फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

### स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

**मोनाको।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

**मोंटे कार्लो।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 05 | 08 |

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत

## राजस्थान को तीन विकेट से हराया, संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई



शुभमन गिल

**जयपुर, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद राशिद खान और राहुल तेवतिया की ताबड़तोड़ पारियों से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को बेहद रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हराकर उसके लगातार चार जीत के क्रम को तोड़ दिया।

राजस्थान रॉयल्स के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने राशिद नाबाद 24 और तेवतिया 21 रन के बीच 36 रन की साझेदारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल (72) और साई सुदर्शन (35) ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राजस्थान रॉयल्स के लिए कुलदीप सेन तीन विकेट और युजवेंद्र चहल दो विकेट चटकाए। रियान पराग 76 रन और कप्तान संजू सैमसन नाबाद 68 रन ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 78 गेंद में 130 रन की साझेदारी की, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने तीन विकेट पर 196 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस को गिल और सुदर्शन की जोड़ी ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 44 रन जोड़े। तेज गेंदबाज सेन ने सुदर्शन को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बारिश के कारण कुछ मिनटों के लिए खेल रुका और ब्रेक के बाद सेन की पहली ही गेंद को मैथ्यू वेड (04) विकेटों पर खेल गए। सेन ने दो गेंद बाद अभिनव मनोहर (01) को भी बोल्ड किया। विजय शंकर (16) चहल की गेंद पर बोल्ड हो गए। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 73 रन की दरकार थी। आवेश ने 18वें ओवर में शाहरूख (14) को पगबाधा किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर 35 रन की जरूरत थी। राशिद ने अंतिम ओवर में तेवतिया के रन आउट होने के बावजूद आवेश पर तीन चौके जड़कर टाइटंस को जीत दिला दी। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर रॉयल्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने विरोधी बल्लेबाजों को शुरुआत में खुलकर नहीं खेलने दिया।



राशिद खान
राहुल तेवतिया

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

### राजस्थान 196/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का वेड बो उमेश | 24 | 19 | 5/0 |
| जोस बटलर का तेवतिया बो राशिद | 08 | 10 | 0/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 68 | 38 | 7/2 |
| रियान पराग का शंकर बो मोहित | 76 | 48 | 3/5 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 13 | 05 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 4-0-47-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-37-0, राशिद खान 4-0-18-1, नूर अहमद 4-0-43-0, मोहित शर्मा 4-0-51-1

### गुजरात 199/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन पगबधा बो सेन | 35 | 29 | 3/1 |
| शुभमन गिल स्टं सैमसन बो चहल | 72 | 44 | 6/2 |
| मैथ्यू वेड बो सेन | 04 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर बो सेन | 01 | 02 | 0/0 |
| विजय शंकर बो चहल | 16 | 10 | 3/0 |
| राहुल तेवतिया रन आउट | 22 | 11 | 3/0 |
| शाहरूख खान पगबाधा बो आवेश | 14 | 08 | 1/1 |
| राशिद खान नाबाद | 24 | 11 | 4/0 |
| नूर अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 2-0-8-0, आवेश 4-0-48-1, महाराज 2-0-16-0, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-43-2, सेन 4-0-41-3

### आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय : रीस टॉप्ली

**मुंबई।** तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है।

## डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध**

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

**बिश्केक।** भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

# बॉलीवुड हलचल

## राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को सिनेमाघरों में

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।



## 28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



## प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।



- भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

### यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।

## पीएम मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को दी ईद की बधाई

**माले।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सरकार और देशवासियों को ईद-उल-फितर की बधाई दी। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच पुराने समय से चले आ रहे सांस्कृतिक व सभ्यतागत संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा-हम पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मना रहे हैं, ऐसे में दुनिया भर के लोग करुणा, भाईचारे और एकजुटता के उन मूल्यों को याद कर रहे हैं, जो एक शांतिपूर्ण व समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, सरकार और मालदीव गणराज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

### क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व



में 24वें स्थान पर है। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है। क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

## एक नजर

### रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल ( 4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

### गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा-मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

### नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

### एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

# भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

## अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में और मजबूत हुए दोनों देशों के संबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

### रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया



सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

## भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

### अल अक्सा मस्जिद



**जेरूसलम :** नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। ऐसा इसलिए हुआ है कि, बीते 6 माह से इजराइल गाजा में बमबारी कर रहा है। गाजा में अब तक लगभग 32 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। ● एजेंसी

### ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उतरे चार लाख भिखारी

**इस्लामाबाद।** रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर डाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है। इमरान याकूब के अनुसार पारंपरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

## जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।



उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

# हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही। चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्णतरीकों से भिन्न होते हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि, विश्व में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ रही है।

### विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत

दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है।



डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

# होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व




कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

## श्रीलंका को रक्षा उपकरण देने पर समझौता करेगा भारत

**कोलंबो।** भारत-श्रीलंका रक्षा सेमिनार को संबोधित करते हुए श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह, भारत और श्रीलंका सुरक्षा और रक्षा मामलों पर निकट सहयोग कर रहे हैं। भारत ने बुधवार को कहा कि वह श्रीलंका का सबसे पक्का दोस्त और भरोसेमंद भागीदार है और हमेशा रहेगा। भारत ने श्रीलंका जैसे करीबी दोस्त देशों को आधुनिक रक्षा उपकरण देने की इच्छा जाहिर की है।

संतोष झा ने कहा कि हमारे भौगोलिक स्थिति के कारण हमारी सुरक्षा आपस में जुड़ी हुई हैं। जब हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि पारंपरिक रूप से इससे जुड़े अर्थों की तुलना में इसने व्यापक अर्थ ले लिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में ऊर्जा, स्वास्थ्य, भोजन और आर्थिक सुरक्षा भी शामिल हो गई है।

**विज्ञान** | स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

# तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।



खोजा गया नया ग्रह।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।

### सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है । इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विश्वास करना जल्दबाजी होगी।